RNI NO.RAJHIN/2016/70602 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-25 Valid up to 31 dec. 2025

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

इंसान का सबसे बेहतरीन साथी उसकी सेहत है। अगर उसका साथ छूट जाए, तो वह हर रिश्ते के लिए बोझ बन जाता है।

# भीम प्रज्ञा

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए
हेल्पलाइन - 9983040937
Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-08 | अंक-291 | झुंझुनू (राजस्थान) | गुरूवार, 5 , दिसम्बर, 2024 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00

## राजस्थान में 23,820 पदों पर होने वाली भर्ती रद्दः तीसरी बार हुई कैंसिल, 7 दिसंबर को निकलने वाली थी लॉटरी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर।**


राजस्थान के लाखों युवाओं का इंतजार और बढ़ गया है। स्वायत्त शासन विभाग की ओर से 23 हजार 820 पदों पर निकाली गई सफाई कर्मचारियों की भर्ती को रद्द कर दिया।

बुधवार को स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक कुमार पाल गौतम ने इसके ऑर्डर जारी किए। ये तीसरी बार मौका है, जब सफाईकर्मियों की भर्ती अटकी है। दरअसल, राजस्थान सरकार की ओर से प्रदेश भर में सफाई कर्मचारियों की भर्ती निकाली गई थी। इसके आवेदन की अंतिम तारीख 27 नवंबर थी। इसके बाद 5 दिसंबर तक आवेदन करने वाले अभ्यर्थी अपने डॉक्यूमेंट में संशोधन कर सकते थे। इससे एक दिन पहले ही सरकार ने भर्ती को रद्द कर दिया।

### प्रदेशभर में शुरू हुआ था विरोध

भर्ती प्रक्रिया को लेकर भी प्रदेश भर में सफाई कर्मचारियों ने विरोध शुरू कर दिया था। इसके बाद जहां जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हेरिटेज की भर्ती को सरकार ने स्थगित कर प्रदेश के अन्य निकायों में 7 दिसंबर के दिन लॉटरी निकालने का फैसला किया था।

**स्वायत्त शासन विभाग ने जारी किए आदेश**



राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान, जयपुर
(जी.3 राजमहल रेजीडेन्शियल ऐरिया,सिविल लाईन फाटक, 22 गोदाम जयपुर)
क्रमांकः–प.1(ग)( )का/एस.एम.ई–3/डी.एल.बी./स.भर्ती/24/ दिनांकः–

आदेश

स्वायत्त शासन विभाग द्वारा राज्य के नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारियों के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु जारी विज्ञापन संख्या 2/2024 दिनांक 27.09.2024 को एतद्द्वारा प्रत्याहरित (Withdraw) किया जाता है।

(कुमार पाल गौतम)
निदेशक एवं विशिष्ट सचिव

प्रतिलिपिः–
01. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय राजस्थान सरकार।
02. विशिष्ट सहायक, मां. मंत्री महोदय स्वा.शा. विभाग राज. जयपुर।
03. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर।
04. जिला कलेक्टर, समस्त।
05. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राज. जयपुर।
06. उप निदेशक क्षेत्रीय, स्थानीय निकाय विभाग समस्त राजस्थान।
07. जनसम्पर्क अधिकारी, निदेशालय ।
08. प्रोग्रामर, (आई टी सैल) निदेशालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
09. आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी, नगर निगम/नगर परिषद/पालिका समस्त।
10. रक्षित पत्रावली।

निदेशक एवं विशिष्ट सचिव

### किस निकाय में कितने पदों पर होनी थी भर्ती

सरकार की ओर से भर्ती के तहत जयपुर ग्रेटर नगर निगम में सबसे अधिक 3370 पदों पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती होनी थी। इसके अलावा जयपुर हेरिटेज में 707, सीकर में 550, जोधपुर दक्षिण में 417, जोधपुर उत्तर में 345, अलवर में 390, भरतपुर में 410, अजमेर में 470, उदयपुर में 407, बीकानेर में 1037, कोटा दक्षिण में 836, कोटा उत्तर में 448 सहित कुल 185 नगरीय निकायों के 23 हजार 820 रिक्त पदों पर भर्ती होनी थी।

### अनुभव प्रमाण-पत्र की बाध्यता को लेकर था विवाद

भर्ती में अनुभव प्रमाण-पत्र की बाध्यता लागू की गई थी। जिसको लेकर प्रदेशभर में वाल्मीकि समाज ने विरोध शुरू कर दिया था। इस विरोध के बाद जयपुर में सफाई कर्मचारियों ने 7 दिन कार्य बहिष्कार कर आंदोलन जारी रखा था।

इसके बाद सरकार ने जयपुर में भर्ती प्रक्रिया को स्थगित करने का फैसला किया था। वहीं प्रदेशभर में वाल्मीकि समाज ने भर्ती प्रक्रिया के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था।

### सबसे पहले कांग्रेस सरकार में निकली थी भर्ती

कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में 13 हजार 184 पदों पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती निकाली थी। जिसे अप्रैल-2023 में रद्द कर दिया गया था। इसके बाद प्रदेश की भजनलाल सरकार ने राजस्थान में 24 हजार 797 पदों पर भर्ती निकाली थी।

जिसे अगस्त 2024 में रद्द कर दिया था। वहीं अब एक बार फिर प्रदेश सरकार ने 23 हजार 820 पदों पर निकाली सफाई कर्मचारियों की भर्ती को वापस लिया है।

### डायरेक्टर बोले- प्रशासनिक कारणों से भर्ती वापस ली

स्वायत्त शासन विभाग के निर्देशक कुमार पाल गौतम ने बताया कि फिलहाल प्रशासनिक कारणों की वजह से भर्ती को वापस लिया गया है। भविष्य में फिर से भर्ती कब निकलेगी, इसे लेकर फिलहाल कोई फैसला नहीं हुआ है।

### डंडोरिया बोलें- वाल्मीकि समाज को सहारा दिया

संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर डंडोरिया ने कहा कि राजस्थान सरकार ने मौजूदा भर्ती को स्थगित कर वाल्मीकि समाज को सहारा देने का काम किया है। हम सरकार से यही मांग करते हैं कि जल्द से जल्द नई भर्ती जारी कर संविदा के आधार पर उसे पूरा किया जाए। इसमें कम से कम 1 साल तक काम करने वाले को ही नौकरी देने का प्रावधान हो।

## मनोनीत पार्षद पंवार व चांवरिया का जयपुर में सम्मान



**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**चूरू ।** जयपुर में बुधवार को राज्य सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष किशनलाल जेदिया ने कांग्रेस के मनोनीत पार्षद अशोक पंवार व प्रीत चांवरिया का सम्मान किया। अशोक पंवार व प्रीत चांवरिया ने गत दिवस नगरपरिषद कार्यालय के सामने सफाई कर्मचारी भर्ती को लेकर भूख हड़ताल की थी।

दोनों युवाओं ने भर्ती को रद्द करने की मांग की। इस अवसर पर मेहतर समाज एकता अधिकार मंच के राकेश पंवार, राजेश घारु, कालू गोरण, सिद्धार्थ बेरासा, रोहित, शांतिलाल तालवाडी, पूर्ण आर्य आदि मौजूद रहे।

## वीरांगना को सौंपा गया सहायता राशि का चेकःरेल हादसे में हुआ था निधन, 2004 में ज्वाइन की थी सीआरपीएफ

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**बहरोड़1 ।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के मांढण थाना क्षेत्र के गांव नांगल मेहता के शहीद रविंद्र कुमार यादव की वीरांगना कैलाश देवी को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 5 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। यह चेक जिले के अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओम प्रकाश सहारण ने औपचारिक रूप से सौंपा। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने शहीद की वीरता को नमन करते हुए कहा-राष्ट्र की सेवा और रक्षा के लिए दिए गए उनके सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन शहीद परिवारों के साथ हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है।

शहीद रविंद्र कुमार यादव की शहादत पर गांव और जिले में गर्व है। इस सहायता राशि के जरिए सरकार ने उनके परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई है।

सीआरपीएफ के हेड कॉन्स्टेबल रविंद्र कुमार यादव कश्मीर में तैनात रहते हुए रेल की पटरी पर हादसे में 24 जुलाई 2023 को शहीद हो गए थे। शहीद रविंद्र कुमार यादव के छोटे भाई जगदेव ने बताया कि 1 नवंबर 2004 को रविंद्र ने सीआरपीएफ जॉइन किया था। वह 96 बटालियन श्रीनगर में हेड कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात थे। उनके परिवार में पत्नी कैलाश देवी ग्रहणी है। एक बेटा अंकित यादव एयरफोर्स में है। बेटी शिवानी पढ़ाई कर रही है।



## पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री पर स्वर्ण मंदिर परिसर में हमला आम आदमी पार्टी सरकार की नाकामी- अभय सिंह चौटाला

### पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच हो ताकि इस हमले के पीछे कौन साजिश कर्ता हैं उनका पता लगाया जा सके और दोषियों को कड़ी सजा दिलवाई जा सके

**सरदार सुखबीर सिंह बादल पर जानलेवा हमला उनकी सुरक्षा में चूक होना मात्र नहीं है बल्कि इस जानलेवा हमले के पीछे हो सकती है बहुत बड़ी साजिश**

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चंडीगढ़।**

**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ) ।** इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं अकाली दल के नेता सरदार सुखबीर सिंह बादल पर स्वर्ण मंदिर में हुए जानलेवा हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार की नाकामी बताई। सरदार सुखबीर सिंह बादल पर जानलेवा हमला उनकी सुरक्षा में चूक होना मात्र नहीं है बल्कि इस जानलेवा हमले के पीछे बहुत बड़ी साजिश की बू आ रही है। अगर पंजाब में एक पूर्व उपमुख्यमंत्री सुरक्षित नहीं है तो आम जनता की सुरक्षा कैसे होगी।

उन्होंने कहा कि स्वर्ण मंदिर में सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में एक व्यक्ति जिस पर गंभीर अपराधों के कई मुकदमें चल रहे हैं अगर वह इतने पवित्र स्थान पर हथियार लेकर पहुंच जाता है और किसी को भी इसकी भनक तक नहीं लगी तो यह अपने आप में बेहद गंभीर मामला है। इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि पंजाब में कानून व्यवस्था का पूरी तरह से दिवालिया पिट चुका है। स्वर्ण मंदिर परिसर में यह हमला सुखबीर बादल पर हमला नहीं बल्कि लोगों की आस्था पर भी हमला है। जब से आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब में आई है तब से हर तरह के अपराधों में बेतहाशा बढ़ोत्री हुई है और आम आदमी पार्टी की सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह से फेल सबित हुई है।

अभय सिंह चौटाला ने कहा कि सरदार सुखबीर सिंह बादल समेत उनके पूरे परिवार की सुरक्षा को बढाया जाए। साथ ही पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए ताकि इस हमले के पीछे कौन साजिश कर्ता हैं उनका पता लगाया जा सके और दोषियों को कड़ी सजा दिलवाई जा सके।



## प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत शिविर का आयोजन सूरजगढ़ शहर में कल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सूरजगढ़।**

प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना को लेकर सूरजगढ़ शहर में गुरुवार 05 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक सहायक कार्यालय अभियन्ता अ.वि.वि.नि.लि की सूरजगढ़ में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के सम्बन्ध में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में सोलर स्थापित करने वाले भिन्न कोडर / अधिकृत डीलर भी भाग ले रहे हैं। यह शिविर प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को सोलर ऊर्जा के बारे में जानकारी प्रदान करना और उन्हें इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना है। इस शिविर में घरेलू विद्युत उपभोक्ता प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और सोलर स्थापित करने वाले अधिकृत डीलरों से संपर्क कर सकते हैं। यह शिविर घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं के लिए एक अच्छा अवसर होगा, जिसमें वे सोलर ऊर्जा के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और अपने घरों में सोलर स्थापित करने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। शिविर के आयोजनकर्ता ने बताया कि सभी घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि वे इस शिविर में भाग लें और प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के बारे में जानकारी प्राप्त करें।

## 6 दिसंबर को बसपा मनाएगी बाबासाहेब अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।**

**मनोज बुलाण ।** भारत के संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर बहुजन समाज पार्टी जिला स्तर पर विचार संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन करेगी। जिला अध्यक्ष प्रमोद कटारिया कि अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अटेली विधानसभा से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी रहे एडवोकेट अतरलाल रहेंगे।कार्यक्रम नारनौल की यादव धर्मशाला में प्रातः 10 बजे आयोजित किया जायेगा इस अवसर पर भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी जीवनी पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।इस मौके पर बहुजन समाज पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## बीकानेर में 9वीं की छात्राओं को मिलेगी साइकिलः 7 हजार 81 छात्राओं को मिलेगा फायदा;14 दिसंबर को होगी वितरित

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**बीकानेर।** दो साल के इंतजार के बाद एक बार फिर प्रदेश के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं को साइकिल मिलेगी। 14 दिसम्बर को एक साथ सवा लाख लड़कियों को साइकिल दी जाएगी। खास बात ये है कि कांग्रेस सरकार के समय वितरण से शेष रही पुरानी साइकिलों को भी भाजपा सरकार ही वितरित कर रही है। सरकारी योजना के तहत प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं को साइकिल दी जाती है लेकिन गत दो वर्ष से इनका वितरण नहीं हुआ था।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने एक आदेश जारी करके सभी जिलों को साइकिल वितरण के निर्देश दिए हैं। इसके लिए 14 दिसम्बर को सभी जिलों में वर्चुअल कार्यक्रम होंगे। संभवतः उदयपुर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा साइकिल वितरण की शुरुआत करेंगे। सभी नोडल स्कूल अपनी आवश्यकता पूर्व में बता चुके हैं, जिसके आधार पर साइकिल सेंटर पर पहुंच रही है और वहीं पर साइकिल के पुर्जे जोड़कर तैयार की जाएगी।



### पुरानी साइकिल भी वितरित होगी

कांग्रेस सरकार के समय प्रदेश के जिन विद्यालयों में साइकिल पहुंच गई लेकिन वितरित नहीं हुई, उन जिलों में पुरानी साइकिल भी वितरित की जाएगी। दरअसल, मांग से ज्यादा साइकिल आने के कारण कई सेंटर्स पर साइकिल बच गई थी। इन साइकिलों का वितरण अब नए सत्र में छात्राओं को किया जा रहा है। अकेले बीकानेर में एक हजार से ज्यादा पुरानी साइकिल पड़ी है, जिसका वितरण किया जाएगा।

### चुनाव के कारण अटका वितरण

दरअसल, कांग्रेस सरकार ने साइकिल तो मंगवा ली थी लेकिन कई सेंटर पर आचार संहिता लगने के कारण वितरण नहीं हो पाया। अब ये साइकिल विभाग के पास पड़ी है, जिनका वितरण नए सेशन में किया जा रहा है। बीकानेर के बज्जू तेजपुरा में 80, आईजीएनपी कॉलोनी स्कूल में 170, फोर्ट स्कूल में 233, खाजूवाला में 24, कोलायत में 86, लूणकरनसर में 449, नोखा में 366, डूंगरगढ़ में 132, पूगल में 76 और पांचू में 268 साइकिले बची हुई है।

### एक दिन में पांच हजार का वितरण

बीकानेर में 14 दिसम्बर को होने वाले कार्यक्रम में एक साथ पांच हजार साइकिल वितरित होगी। इसके लिए वितरण केंद्रों को अलग-अलग संख्या का टारगेट दिया गया है। जहां दो सौ से आठ सौ साइकिल वितरित हो रही है।

## बानसूर में कॉलेज स्टूडेंट्स ने सौंपा ज्ञापनः समस्याओं को दूर करने की मांग, यूनिवर्सिटी घेराव की दी चेतावनी

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**बानसूर ।** राजकीय कॉलेज बानसूर के छात्र छात्राओं ने आज छात्र नेता लखन मीणा के नेतृत्व में कॉलेज प्राचार्य सुरेन्द्र सिंह को कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा है। छात्र छात्राओं ने ज्ञापन में बताया-विश्वविद्यालय द्वारा जिस तरह से छात्र छात्राओं के साथ खेल खेला जा रहा है, उससे सभी छात्र छात्राओं में अपने भविष्य को लेकर गलत भावना पैदा हो रही है।

### ज्ञापन में मांग की

**परीक्षा परिणाम में हो रही धांधली कि सही ढंग से जांच की जाए**

**रिवेल फ़ीस को कम किया जाए**



**परीक्षा परिणाम को पुनः सही ढंग से जारी किया जाए**

छात्र नेता लखन मीणा ने बताया कि कॉलेज छात्र छात्राओं ने कुलपति से मांग कर समस्याओं को दूर करने की मांग की गई है, अन्यथा छात्र शक्ति जल्द ही विश्व विद्यालय का घेराव करेगी इस दौरान छात्र नेता लखन मीणा, छात्र नेता सुरेश मीणा (टक्कु), पायल मीणा, तमन्ना यादव, रीना यादव , पायल मीणा , कविता मीणा, शीला स्वामी, जसराम जाट, गोलू वर्मा, नवीन सैनी, मोनू सिंह, सुमित वाल्मीकि, रवीना, लक्ष्मी, निशा प्रजापत, अंकित सुरेला, विजय सहित छात्र छात्राए मौजूद रही।

## 11 माह में 72,143 नए वाहन सड़कों पर, शहर में पार्किंग का कोई प्लान ही नहीं, नतीजा जाम

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**अलवर ।** इस साल 11 महीनों में 72 हजार 143 वाहन सड़कों पर आए हैं। यह संख्या इस वर्ष आरटीओ ऑफिस में हुए दुपहिया व चौपहिया वाहनों के पंजीयन की है। वाहनों की संख्या बढ़ने के साथ ही शहर पार्किंग को लेकर प्रशासन ने कोई प्लानिंग नहीं की। नतीजा यह रहा कि आए दिन लोगों को जाम में उलझना पड़ रहा है। शहर की सड़कों और यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए कार्य करने वाले विभाग भी योजनाबद्ध तरीके से कार्य नहीं कर रहे हैं। इनमें न तो यातायात व्यवस्था के लिए यातायात पुलिस की ओर से सुधार किया जाता हैं और न ही नगर निगम ओर से भी कोई सख्त कार्यवाही की जा रही है। आरटीओ ऑफिस में हुए रजिस्ट्रेशन के आंकड़ों पर गौर करें तो साफ है कि हर महीने 6556 वाहन पंजीकृत हुए हैं। मतलब एक दिन में औसतन 20 वाहनों का पंजीयन हुआ है। ऐसे में वाहनों की यह बढ़ी हुई संख्या प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के चलते शहर में जाम के रूप में लोगों के लिए बड़ी समस्या बनकर सामने आ रही है। क्यों लगते हैं जाम : व्यापारी संजय जैन बताते हैं कि जाम का कारण अधिकांश रूप से व्यापारियों का सड़क पर निकला सामान और बेतरतीब खड़े वाहन हैं।



## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

### मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है

# विकट परिस्थितियों में जीवन की सच्ची परीक्षा

सुख कभी, तो दुख कभी-कभी, ये संसार की रीत है। आज जिसकी हर है, तो कल उसकी जीत है। क्या राम और घनश्याम पर कभी काली घटा छाई नहीं? क्या उन पर दुखों की विपत्ता आई नहीं? दुख सुख तो दिन रात है, एक रंग है तो दूजा छांव है, जो दिन निकलते ही उजाले में बदल जाते हैं। अतः मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

जीवन की सच्ची परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए व्यक्ति को हर परिस्थिति में संघर्ष करने का आदी होना चाहिए हर समस्या और समाधान से मुकाबला करने की ताकत मन मस्तिष्क में धारण करनी चाहिए मन के हर हर और मन के जीते जीत मन की प्रबल इच्छा शक्ति के बल पर दुनिया की सारी कायनात को जीता जा सकता है। जीवन में विकट परिस्थितियों का सामना करना एक आम बात है। लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं जो इन परिस्थितियों में भी अपने आप को संभाल लेते हैं और जीवन की सच्ची परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाते हैं।

जिस इंसान ने विकट परिस्थितियों में अपनों को बदलते देखा है, वो जिंदगी में हर परिस्थिति का सामना कर सकता है। ऐसे लोगों ने जीवन की सच्ची परीक्षा में उत्तीर्ण होने की कला सीख ली होती है। वे जानते हैं कि जीवन में सुख और दुख दोनों ही आते हैं, और उन्हें दोनों ही स्थितियों में खड़े रहने की क्षमता रखनी होती है। वर्तमान समय में जीवन की सच्ची परीक्षा और भी कठिन हो गई है। जुते शोरूम में और किताबें फुटपाथ पर, शराब दुकानों पर और दूध गली गली में, कुत्ते महलों में और माँ बाप वृद्धाश्रम में होते हैं। यह एक ऐसा समय है जब जीवन की सच्ची परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए हमें अपने आप को मजबूत बनाना होगा।

**एक शायर की दो लाइन याद आती है:-** ना दिन से रिश्ता है ना रात से रिश्ता है । हर शख्स का इस दुनिया में हालात से रिश्ता है। यह एक ऐसा समय है जब हमें अपने जीवन को सही दिशा में ले जाने के लिए संघर्ष करना होगा। याद रखना एक दिन कहानी बन कर रह जाएंगे हम ! इसलिए कोशिश करें कि जीवनशैली की कहानी "अच्छी" हो। आइए हम अपने जीवन को सही दिशा में ले जाने के लिए संघर्ष करें और जीवन की सच्ची परीक्षा में उत्तीर्ण हों।

आज के युग में भौतिकवाद की और अग्रेषित हमारी नई पीढ़ी संस्कारों से विमुख होकर स्वार्थ के बाली चढ़ती जा रही है। हमारे बुजुर्गों के अनुभव की सुनता ही कौन है थोड़ी सी हवा मिलते ही भौतिकवाद के शब्द ग्लोबलाइजेशन विलेज में अपने कदम इस कदर रखते हैं की वापस हकीकत की दुनिया में आना ही नहीं जाते। समय की मांग ने बच्चों को अच्छी तालीम दिलाने की लालसा ने मां बाप ने बच्चों को पढ़ने के लिए दूर भेज दिया फिर जॉब की तलाश में बच्चे उसी कल्चर ढल गए तो संस्कारों से वंचित रह गए और यही कारण है कि आज छोटे-छोटे कस्बे से लेकर गांव और ढ़ाणियों में वृध्द आश्रम खोले जाने की बात सामने आ रही है। यह चिंता का विषय नहीं यह समय की मांग है जो वातावरण हमने तैयार किया है उसे वातावरण का सामना करने की क्षमता भी विकसित करनी चाहिए।

# दिव्यांगजनों की सेवा और स्वाभिमान का अमृत दशक!



**विशेष आलेख**
नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

> प्रधानमंत्री बनने के बाद मैंने इस सेवा को राष्ट्र का संकल्प बनाया। 2014 में सरकार बनने के बाद हमने सबसे पहले 'विकलांग' शब्द के स्थान पर 'दिव्यांग' शब्द को प्रचलित करने का फैसला लिया। ये सिर्फ शब्द का परिवर्तन नहीं था, इसने समाज में दिव्यांगजनों की गरिमा भी बढ़ाई और उनके योगदान को भी बड़ी स्वीकृति दी। इस निर्णय ने ये संदेश दिया कि सरकार एक ऐसा समावेशी वातावरण चाहती है, जहां किसी व्यक्ति के सामने उसकी शारीरिक चुनौतियां दीवार न बनें और उसे उसकी प्रतिभा के अनुसार पूरे सम्मान के साथ राष्ट्र निर्माण का अवसर मिले। दिव्यांग भाई-बहनों ने विभिन्न अवसरों पर मुझे इस निर्णय के लिए अपना आशीर्वाद दिया।

भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस एक पवित्र दिन जैसा है। दिव्यांगजनों का सम्मान भारत की वैचारिकी में निहित है। हमारे शास्त्रों और लोक ग्रंथों में दिव्यांग साथियों के लिए सम्मान का भाव देखने को मिलता है। रामायण में एक श्लोक है

**उत्साहो बलवानार्य, नास्त्युत्साहात्परं बलम सोत्साहस्यास्ति लोकेऽस्मिन, न किञ्चिदपि दुर्लभम।**

श्लोक का मूल यही है कि जिस व्यक्ति के मन में उत्साह है, उसके लिए विश्व में कुछ भी असंभव नहीं है। भारत में हमारे दिव्यांगजन इसी उत्साह से देश के सम्मान और स्वाभिमान की ऊर्जा बन रहे हैं। इस वर्ष ये दिन और भी विशेष है। इसी साल भारत के संविधान के 75 वर्ष पूर्ण हुए हैं। भारत का संविधान हमें समानता और अंत्योदय के लिए काम करने की प्रेरणा देता है। संविधान की इसी प्रेरणा को लेकर बीते 10 वर्षों में हमने दिव्यांगजनों की उन्नति की मजबूत नींव रखी है। इन वर्षों में देश में दिव्यांगजनों के लिए अनेक नीतियां बनी हैं, अनेक निर्णय हुए हैं। ये निर्णय दिखाते हैं कि हमारी सरकार सर्वस्पर्शी है, संवेदनशील है और सर्वविकासकारी है। इसी क्रम में दिव्यांग भाई-बहनों के प्रति हमारे इसी समर्पण भाव को फिर से दोहराने का दिन भी बना है।

मैं जब से सार्वजनिक जीवन में हूं, मैंने हर मौके पर दिव्यांगजनों का जीवन आसान बनाने के लिए प्रयास किए हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मैंने इस सेवा को राष्ट्र का संकल्प बनाया। 2014 में सरकार बनने के बाद हमने सबसे पहले 'विकलांग' शब्द के स्थान पर 'दिव्यांग' शब्द को प्रचलित करने का फैसला लिया। ये सिर्फ शब्द का परिवर्तन नहीं था, इसने समाज में दिव्यांगजनों की गरिमा भी बढ़ाई और उनके योगदान को भी बड़ी स्वीकृति दी। इस निर्णय ने ये संदेश दिया कि सरकार एक ऐसा समावेशी वातावरण चाहती है, जहां किसी व्यक्ति के सामने उसकी शारीरिक चुनौतियां दीवार ना बनें और उसे उसकी प्रतिभा के अनुसार पूरे सम्मान के साथ राष्ट्र निर्माण का अवसर मिले। दिव्यांग भाई-बहनों ने विभिन्न अवसरों पर मुझे इस निर्णय के लिए अपना आशीर्वाद दिया। ये आशीर्वाद ही, दिव्यांगजन के कल्याण के लिए मेरी सबसे बड़ी शक्ति बना।

हर वर्ष देश भर में हम दिव्यांग दिवस पर अनेक कार्यक्रम करते हैं। मुझे आज भी याद है, 9 साल पहले हमने सुगम्य भारत अभियान का शुभारंभ किया था। 9 सालों में इस अभियान ने जिस तरह से दिव्यांगजनों को सशक्त किया, उससे मुझे बड़ा संतोष मिला है। 140 करोड़ देशवासियों की संकल्प-शक्ति से 'सुगम्य भारत' ने ना सिर्फ दिव्यांगजनों के मार्ग से कई बाधाएं हटाई, बल्कि उन्हें सम्मान और समृद्धि का जीवन भी दिया। पहले की सरकारों के समय जो नीतियां थीं...उनकी वजह से दिव्यांगजन सरकारी नौकरियों और उच्च शिक्षा के



अवसरों से पीछे रह जाते हैं। हमने वो स्थितियां बदलीं। आरक्षण की व्यवस्था को नया रूप मिला। 10 वर्षों में दिव्यांगजन के कल्याण के लिए खर्च होने वाली राशि को भी तीन गुना किया गया। इन निर्णयों ने दिव्यांगजनों के लिए अवसरों और उन्नतियों के नए रास्ते बनाए। आज हमारे दिव्यांग साथी, भारत के निर्माण के समर्पित साथी बनकर हमें गौरवान्वित कर रहे हैं।


मैंने स्वयं ये महसूस किया है कि भारत के युवा दिव्यांग साथियों में कितनी अपार संभावनाएं हैं। पैरालंपिक में हमारे खिलाड़ियों ने देश को जो सम्मान दिलाया है, वो इसी ऊर्जा का प्रतीक है। ये ऊर्जा राष्ट्र ऊर्जा बने, इसके लिए हमने दिव्यांग साथियों को स्किल से जोड़ा है, ताकि उनकी ऊर्जा राष्ट्र की प्रगति की सहायक बन सके। ये प्रशिक्षण सिर्फ सरकारी कार्यक्रम भर नहीं है। इन प्रशिक्षणों ने दिव्यांग साथियों का आत्मविश्वास बढ़ाया है। उन्हें रोजगार तलाशने की आत्म शक्ति दी है। मेरे दिव्यांग भाई-बहनों का जीवन सरल, सहज और स्वाभिमानी हो, सरकार का मूल सिद्धांत यही है। हमने पर्सन विद डिसैबिलिटी एक्ट को भी इसी भाव से लागू किया। इस ऐतिहासिक कानून में डिसैबिलिटी के डेफिनेशन की कैटेगरी को भी 7 से बढ़ाकर 21 किया गया। पहली बार हमारे एसिड अटैक सर्वाइवर्स भी इसमें शामिल किए गए। आज ये कानून दिव्यांगजनों के सशक्त जीवन का माध्यम बन रहा है।

इन कानूनों ने दिव्यांगजनों के प्रति समाज की धारणा बदली है। आज हमारे दिव्यांग साथी भी विकसित भारत के निर्माण के लिए अपनी संपूर्ण शक्ति के साथ काम कर रहे हैं।

भारत का दर्शन हमें यही सिखाता है कि समाज के हर व्यक्ति में एक विशेष प्रतिभा जरूर है। हमें उसे बस सामने लाने की जरूरत है। मैंने हमेशा अपने दिव्यांग साथियों की उस अद्भुत प्रतिभा पर विश्वास किया है। और मैं पूरे गर्व से कहता हूं, कि हमारे दिव्यांग भाई-बहनों ने एक दशक में मेरे इस विश्वास को और प्रगाढ़ किया है। मुझे यह देखकर भी गर्व होता है कि उनकी उपलब्धियां कैसे हमारे समाज के संकल्पों को नया आकार दे रही हैं। आज जब पैरालंपिक का मेडल सीने पर लगाकर, मेरे देश के खिलाड़ी मेरे घर पर पधारते हैं, तो मेरा मन गौरव से भर जाता है। हर बार जब मन की बात में मैं अपने दिव्यांग भाई-बहनों की प्रेरक कहानियों को आपके साथ साझा करता हूं, तो मेरा हृदय गर्व से भर जाता है। शिक्षा हो, खेल या फिर स्टार्टअप, वे सभी बाधाओं को तोड़कर नई ऊंचाइयां छू रहे हैं और देश के विकास में भागीदार बन रहे हैं।

मैं पूरे विश्वास से कहता हूं कि 2047 में जब हम स्वतंत्रता का 100वां उत्सव मनाएंगे, तो हमारे दिव्यांग साथी पूरे विश्व का प्रेरणा पुंज बने दिखाई देंगे। आज हमें इसी लक्ष्य के लिए संकल्पित होना है। आइए, हम सब मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करें, जहां कोई भी सपना और लक्ष्य असंभव न हो। तभी जाकर हम सही मायने में एक समावेशी और विकसित भारत का निर्माण कर पाएंगे। और निश्चित तौर पर मैं इसमें अपने दिव्यांग भाई-बहनों की बहुत बड़ी भूमिका देखता हूं। पुनः सभी दिव्यांग साथियों को आज के दिन


## अहंकार ही अज्ञान है



संकलित
**दर्शन**

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं।

## महिमा राम नाम की



संकलित
**प्रेरणा**

एक आदमी बर्फ बनाने वाली कम्पनी में काम करता था। एक दिन कारखाना बंद होने से पहले अकेला फ्रिज करने वाले कमरे का चक्कर लगाने गया तो गलती से दरवाजा बंद हो गया। और वह अंदर बर्फ वाले हिस्से में फंस गया छुट्टी का वक्त था और सब काम करने वाले लोग घर जा रहे थे। किसी ने भी अधिक ध्यान नहीं दिया की कोई अंदर फंस गया है। वह समझ गया की दो-तीन घंटे बाद उसका शरीर बर्फ बन जाएगा अब जब मौत सामने नजर आने लगी तो, भगवान को सच्चे मन से याद करने लगा। एक घंटे ही गुजरे थे कि अचानक फ्रिज रूम में खट-खट की आवाज हुई। दरवाजा खुला चौकीदार भागता हुआ आया। उस आदमी को उठाकर बाहर निकाला और गर्म हीटर के पास ले गया। उसकी हालत कुछ देर बाद ठीक हुई तो उसने चौकीदार से पूछा, आप अंदर कैसे आए? चौकीदार बोला कि साहब मैं 20 साल से यहां काम कर रहा हूं। इस कारखाने में काम करते हुए हर रोज सैकड़ों मजदूर और ऑफिसर कारखाने में आते जाते हैं। मैं देखता हूं लेकिन आप उन कुछ लोगों में से हो, जो जब भी कारखाने में आते हो तो मुझसे हंस कर राम-राम करते हो और हालचाल पूछते हो और निकलते हुए आपका राम राम काका कहना मेरी सारे दिन की थकावट दूर कर देता है। जबकि अक्सर लोग मेरे पास से यू गुजर जाते हैं कि जैसे मैं हूं ही नहीं। आज हर दिनों की तरह मैंने आपका आते हुए अभिवादन तो सुना लेकिन राम-राम काका सुनने के लिए इंतज़ार करता रहा।

## सटाका




## आज की पाती

### नदियों का संरक्षण जरूरी

महात्मा गांधी ने कहा था कि नदियां हमारे देश की नाड़ियों की तरह हैं। यदि हम उन्हें गंदा करना जारी रखेंगे तो वो दिन दूर नहीं जब हमारी नदियां जहरीली हो जाएंगी। और अगर ऐसा हुआ तो हमारी सभ्यता नष्ट हो जाएगी। जिन नदियों को हम माता समझते हैं, नदियों का प्रदूषण हमारे लिए भी किसी श्राप से कम नहीं हो सकता। मोदी सरकार ने गंगा को संभालने और इसके संरक्षण के उद्देश्य से भी वर्ष 2014 में नमामि गंगे नामक योजना लांच की थी। गंगा तभी पूरी तरह साफ होगी जब हम इसे साफ-सुथरा रखने का मन बनाएंगे। लोग गंगा नदी के किनारे जाते हैं पुण्य कमाने, लेकिन गंगा में पॉलीथीन या अन्य गंदगी डालने से परहेज नहीं करते। देश में नदियों के संरक्षण की सख्त जरूरत है। - *शैलेश वर्मा, धमतरी*

## ट्रेंड

### नौसेना कर्मियों को सलाम



नौसेना दिवस पर, हम भारतीय नौसेना के बहादुर कर्मियों को सलाम करते हैं जो अद्वितीय साहस और समर्पण के साथ हमारे समुद्र की रक्षा करते हैं। उनकी प्रतिबद्धता हमारे राष्ट्र की सुरक्षा, सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करती है। हमें भारत के समृद्ध समुद्री इतिहास पर भी बहुत गर्व है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### पंजाब घटना पर चुप्पी



अरविंद केजरीवाल पंजाब में हुई घटना पर क्यों चुप हैं। यहां तो वे बहाना बना लेते हैं लेकिन जहां उनके पास पुलिस प्रशासन का कंट्रोल है, वहां स्वर्ण मंदिर में उनकी निकम्मी सरकार के कारण गोलियां चल रही हैं।

**-डॉ. हर्षवर्धन, पूर्व केंद्रीय मंत्री**

### संभल जाने से क्यों रोका



पुलिस ने हमें संभल जाने से रोक दिया। विपक्ष के नेता होने के नाते यह मेरा अधिकार और कर्तव्य है कि मैं वहां जाऊं। मैं अकेला जाने को भी तैयार हूं, लेकिन वे इसके लिए भी नहीं माने। यह संविधान के ख़िलाफ़है। भाजपा क्यों डरी हुई है?

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### तांबे की खपत



अनुमान है कि अगले 25 वर्षों में दुनिया अब तक के इतिहास की तुलना में अधिक तांबे की खपत करेगी। हम इसे एक चुनौती के रूप में देख सकते हैं। लेकिन मैं इसे एक बड़े अवसर के रूप में देखता हूं।

**-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**




# महाराष्ट्र को साधने में सफल हुई भाजपा

विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा नीत महायुति को बहुमत मिलने के बावजूद अपना मुख्यमंत्री चुनने में करीब 12 दिनों का वक्त लग गया। आखिरकार महाराष्ट्र को साधने में भाजपा सफल हुई, भाजपा के खाते में सीएम पद आया और पूर्व सीएम व डिप्टी सीएम देवेन्द्र फड़णवीस महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री होंगे। उन्हें महायुति ने अपने विधायक दल का नेता चुना है। महायुति में सहयोगी व कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे की सियासी चकल्लस रुकावट बनी हुई थी। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव से लेकर वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव तक महाराष्ट्र की राजनीति में बहुत पानी बह चुका है। पिछले चुनाव में भी भाजपा व शिवसेना को बहुमत मिला था, लेकिन मुख्यमंत्री के सवाल पर उद्धव ठाकरे की जिद के चलते भाजपा सरकार नहीं बना पाई थी, उस वक्त उद्धव ठाकरे ने शरद पवार की पार्टी एनसीपी और कांग्रेस के साथ मिलकर महाविकास अघाड़ी की गठबंधन सरकार बनाई थी और खुद सीएम बने थे। यह सरकार करीब ढाई साल चली, उसके बाद एकनाथ शिंदे ने शिवसेना में बगावत की, शिवसेना दो-फाड़ हुई, उससे उद्धव की सरकार अल्पमत में आ गई, उन्हें पद छोड़ना पड़ा, महाविकास अघाड़ी की सरकार चली गई, शिंदे की शिवसेना ने भाजपा से गठबंधन किया। भाजपा के समर्थन से शिंदे महाराष्ट्र के सीएम बने। भाजपा व शिंदे की शिवसेना के गठबंधन में बाद में सिंचाई घोटाले के आरोपों का सामना कर रहे एनसीनी नेता अजित पवार एनसीपी से बगावत कर अपने समर्थक विधायकों के साथ शामिल हो गए। इस बार चुनाव मैदान में भाजपा, शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी की महायुति मैदान में उतरी, उसका मुकाबला उद्धव ठाकरे की शिवसेना, शरद पवार की एनसीपी और कांग्रेस के गठबंधन महाविकास अघाड़ी (एमवीए) से था। इस चुनाव में माना जा रहा था कि एमवीए का पलड़ा भारी है, चूंकि लोकसभा के चुनाव में एमवीए ने अच्छा प्रदर्शन किया था,

## करंट अफेयर

# नेपाल-चीन ने बीआरआई समझौते पर साइन किया

नेपाल और चीन ने बहुप्रतीक्षित बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) सहयोग मसौदा समझौते पर बुधवार को हस्ताक्षर किए। इस समझौते से बीआरआई परियोजनाओं के कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त होने की उम्मीद है। इस समझौते पर नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली की चीन की आधिकारिक यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किये गये। चौथी बार प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने के बाद ओली पहली बार चीन की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे। प्रधानमंत्री ओली ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा कि हमने बेल्ट एंड रोड सहयोग के मसौदा समझौते पर हस्ताक्षर किए। चीन की मेरी आधिकारिक यात्रा समाप्त होने के साथ, मैं प्रधानमंत्री ली क्वींग के साथ द्विपक्षीय वार्ता, एनपीसी के अध्यक्ष झांग लेजी के साथ चर्चा और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ अत्यंत उपयोगी बैठक से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि बेल्ट एंड रोड सहयोग मसौदा समझौते के तहत नेपाल-चीन आर्थिक सहयोग और मजबूत होगा। प्रधानमंत्री सचिवालय के मुताबिक विदेश सचिव अमृत बहादुर राय और चीन के राष्ट्रीय विकास एवं सुधार आयोग के लियू सुशे ने बीआरआई मसौदा समझौते पर हस्ताक्षर किए।



## ऑफ बीट

# झपकी से याददाश्त में हो सकता है सुधार

कुछ लोग इसे विलासिता भोग के रूप में देखते हैं जबकि अन्य इसे मुस्तैद तथा तंदरुस्त बने रहने के तरीके के रूप में देखते हैं। लेकिन झपकी के फायदे के साथ-साथ नुकसान भी हो सकते हैं। वैसे मैं झपकी लेने की जटिल प्रवृत्ति के साथ साथ इस बात से अवगत हूं कि क्यों दोपहर के वक्त 20 से 30 मिनट की झपकी असंख्य तरीकों से फायदेमंद हो सकती है। अनुसंधान से पता चलता है कि झपकी के कई फायदे हैं। छोटी-सी झपकी से मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त के साथ ही मुस्तैदी, ध्यान और प्रतिक्रिया देने के समय में भी सुधार आता है। इसका संबंध उत्पादकता और रचनात्मकता से भी है। चूंकि झपकी से रचनात्मक सोच में सुधार आता दिखायी देता है इसलिए कुछ कंपनियों ने अपने कार्य स्थल पर झपकी लेने के लिए कमरे बनाकर इसका फायदा उठाने का प्रयास किया है। ऐसा कहा जाता है कि मस्तिष्क झपकी के वक्त का इस्तेमाल दिनभर में एकत्रित सूचना को संसाधित करने के लिए करता है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि समस्याओं को हल करने की क्षमता बढ़ती है। एक छोटे-से अध्ययन से यह पता चलता है कि जो लोग झपकी लेते हैं वे कम चिड़चिड़े होते हैं तथा उन्हें कम गुस्सा आता है जिससे काम करते वक्त बेहतर फोकस बनता है और दक्षता बढ़ती है।



# सरस्वती माता मंदिर का लोकार्पण एवं मूर्ति प्रतिष्ठा समारोह का हुआ आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।**

**कमल किशोर पंवार ।** कस्बे में स्थित उच्च प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर में सरस्वती माता मंदिर में मूर्ति की प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य मुरारीलाल इंदौरिया ने बताया कि नर्सिंग अधिकारी जगदीश पारीक के सुपुत्र और सुपुत्री जो कि विधामंदिर के पूर्व भैया - बहन रहे डॉ. वैभव पारीक और डॉ. ऋतु पारीक (आयुर्वेद) ने आदर्श विद्या मंदिर में हो रहे जीर्णोद्धार की श्रृंखला से प्रेरणा लेकर सरस्वती मंदिर बनाने का निश्चय किया था तथा अपना आर्थिक सहयोग दिया। पंडित रमेश कुमार शर्मा द्वारा विधि - विधान पूर्वक माता सरस्वती की पूजा अर्चना करवाई गई। तत्पश्चात शहर के गणमान्य नरेश चिरानियाँ,संतोष कुमार शर्मा, सीबीओ अशोक कुमार शर्मा, शिवरतन मुरारका ,सत्यनारायण पाटोदिया, ठा.आनंद सिंह ,जगदीश पारीक, एसीबीओ महेंद्र कुमार सैनी मंचस्थ रहे।

समारोह की विधिवत् शुरुआत विद्या मंदिर के भैया- बहनों द्वारा दीप मंत्र और मां सरस्वती की आराधना के साथ की। तत्पश्चात् विद्या मंदिर समिति के पदाधिकारी द्वारा पारीक परिवार के जगदीश पारीक, चंद्रकला पारीक, डॉ. वैभव पारीक, डॉ. ऋतु पारीक और किरण पारीक का साफा, माला और दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया । शिक्षा विभाग के सीबीईओ अशोक कुमार शर्मा और एसीबीओ महेंद्र कुमार द्वारा शाल,श्रीफल और डॉ. राधाकृष्णन का चित्र भेंट किया गया।





प्रधानाचार्य मुरारीलाल इंदौरिया ने बताया कि आदर्श विद्या मंदिर नवलगढ़ में विगत कुछ महीनो से सुविधाओं के विस्तार का कार्य चल रहा है जिसमें भामाशाह बढ़-चढ़कर आर्थिक सहयोग कर रहे है, इसी श्रृंखला में पारीक परिवार द्वारा सरस्वती माता का मंदिर बनाकर दिया गया है। मंचस्थ अतिथियों ने अपना वक्तव्य देते हुए विद्या मंदिर के प्रयासों की सराहना की।रामकुमार सिंह राठौड़ ने नामांकन वृद्धि की बात कहीं ।



इस अवसर पर रंजना पचलंगिया ,संतोष कुमार शर्मा, नरोत्तम बोहरा, कृष्ण गोपाल जोशी, अशोक जोशी, कृष्ण कुमार, ईश्वरलाल पारीक, किरण राजावत, रेनू शर्मा ,उर्मिला शर्मा, कमल किशोर पंवार, चंद्रशेखर मिश्रा, राममोहन सेकसरिया, ओमप्रकाश ढाका ,डॉ. गिरधारीलाल, छतुसिंह राजावत, मेजर डीपी शर्मा, प्रदीप ढाका, नरोत्तम शर्मा,रामनिवास सैनी, त्रंबकेश्वर , सीताराम घोडेला, रामगोपाल पुजारी सहित नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## स्व.डॉ बी एल मेहरड़ा पूर्व आईएएस की 82वी जयंती पर 240 विद्यार्थियों को पुरस्कार और छात्रवृत्ति वितरण

### शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया

**भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ी।**

बी एल एम मेहरड़ा स्मृति पार्क राजोता में स्व.डॉ बी एल मेहरड़ा पूर्व आईएएस की 82वी जयंती पर आयोजित छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा 2024 का पुरस्कार वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विनोदरानी मेहरड़ा अध्यक्षा खेतड़ी विकास समिति रहीं, जबकि अध्यक्षता डॉ संतोष सैनी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ सुनील सैनी, डॉ सुरेन्द बेरबा, डॉ कृष्ण मूर्ति, और डॉ सुशील कश्यप उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान 240 विद्यार्थियों को पुरस्कार और छात्रवृत्ति प्रदान की गई। पुरस्कारों में प्रथम पुरस्कार के रूप में लेपटॉप, द्वितीय पुरस्कार के रूप में टेबलेट, और तृतीय पुरस्कार के रूप में स्मार्ट वाच, बेग, टॉफी, और प्रमाण पत्र शामिल थे। परीक्षा प्रभारी डॉ मोहित सक्सेना ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छात्रवृत्ति परीक्षा के माध्यम से बीस लाख रुपये तक की छात्रवृत्ति समिति द्वारा प्रदान की जाएगी। इस परीक्षा में लगभग 500 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। कार्यक्रम में समिति द्वारा संचालित संस्थाओं के समस्त स्टाफ, विद्यार्थी, और अभिभावक उपस्थित रहे।



## आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद सांसद का 38वां जन्म दिवस बड़े होल्लास से मनाया



**भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ी।**

मंगलवार को खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद सांसद का 38वां जन्म दिवस बड़े होल्लास से मनाया गया। आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष गुलशन कुमार लुनिवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था। उन्होंने कहा कि चन्द्रशेखर आजाद एक महान नेता और सामाजिक कार्यकर्ता थे, जिन्होंने अपना जीवन समाज के उत्थान और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित किया था। इस अवसर पर आजाद समाज पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चन्द्रशेखर आजाद के योगदान और विरासत को याद किया और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी चन्द्रशेखर आजाद के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई में आगे रहेगी।

इस मौके पर ग्राम किशनपुरा गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता भुराराम ने की। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्ति सुभाष, निरजनलाल, घनश्याम, वार्ड पंच विक्रम व अश्विनी, कैलाश, बिल्लु, हेमन्त योगेश, राकेश भी मौजूद थे।

## घोड़ी पर बैठाकर डीजे के साथ में लाडो की निकाली बिंदोरी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।**



**कमल किशोर पंवार ।** कस्बे के भगतसिंह की ढाणी निवासी व श्री नवलगढ़ पी.जी. महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी सुनील कुमार सैनी, दिनेश सैनी एवं अमित सैनी ने अपनी भतीजी वैशाली पुत्री अशोक कुमार सैनी (राज. पुलिस) ने वैशाली की घोड़ी पर बैठाकर डीजे के साथ मे बिंदोरी निकाली। इस दौरान महिलाओं ने मंगल गीत भी गाए। परिवार के सभी सदस्यों का मानना है कि लड़की एवं लड़कों में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए तथा महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। अशोक सैनी ने अपनी बेटी वैशाली को उच्च शिक्षा भी दिलवाई है। इस दौरान कई महिलाएं और पुरुष मौजूद रहें।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजली एवं विचार गोष्ठी कार्यक्रम कल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

शुक्रवार 06 दिसंबर को बुद्ध विहार, धम्म स्थली, जय पहाड़ी में डॉ. भीमराव अम्बेडकर परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजली एवं विचार गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में श्रद्धेय भंते विनयपाल मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे, जबकि लेफ्टिनेंट लीलाधर चौहान मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में धर्मपाल शिल्ला और एडवोकेट ओमप्रकाश माहिच शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमीलाल गोठवाल करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन बुद्ध विहार, धम्म स्थली, जय पहाड़ी में प्रातः 11:00 बजे से किया जाएगा। इस कार्यक्रम के निमित्त निवेदक दुर्गाप्रसाद बोयल, मैनेजर और रतन कुमार बोयल, ट्रस्टी एवं कोषाध्यक्ष हैं। के. आर. बुद्ध प्रबोधन विहार ट्रस्ट, धम्म स्थली, जय पहाड़ी-झुंझुनू (राज.) द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## जन्म-मृत्यु पंजीयन गुढ़ागौड़जी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्य व विवाह) एवं आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग झुंझुनूं के उप निदेशक पूनम कटेवा द्वारा कार्यालय उप रजिस्ट्रार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुढागौडजी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुढ़ागौडजी के प्रभारी डा0 एम.एल. सौंकरिया को उप रजिस्ट्रार कार्यालय में जन्म-मृत्यु का बोर्ड लगाने एवं प्रसव उपरांत डिस्चार्ज के साथ ही जन्म प्रमाण-पत्र प्रदान किये जाने के निर्देश दिये। जन्म-मृत्यु की घटनाओं के लिये पृथक रजिस्टर बनाने के लिये निदेर्शित किया। मृत्यु की घटना में मृत्यु के कारण को दर्शाने के लिये एमसीसीडी फॉर्म 4 में अपडेट करने के निर्देश दिये।

वहीं ग्राम पंचायत बामलास में विवाह रजिस्टर में वर-वधू की संयुक्त फोटो हस्ताक्षरसहित संधारण करने एवं ग्राम पंचायत का जन्म-मृत्यु व विवाह का रिकॉर्ड संधारित करने के निर्देश दिये। साथ ही लंबित ई-साईन, आमजन से प्राप्त आवेदन, ई-मित्र से प्राप्त आवेदन को समय पर निस्तारित करने के निर्देश दिये। इस दौरान ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी सुभाष पालीवाल भी मौजूद रहे।

## स्व. राजू ठेहट की द्वितीय पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर में 3920 यूनिट संग्रहण किया

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सीकर।**

स्व. राजू ठेहट की द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में 3920 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। जानकारी देते हुए हरलाल सिंह ने बताया कि स्व. राजू ठेहट की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा व रक्तदान शिविर का आयोजन सीकर शहर के रेलवे सामुदायिक भवन में मंगलवार को किया गया, जिसमें रक्तदाताओं ने 3920 यूनिट रक्तदान किया। सवाई मानसिंह हॉस्पिटल जयपुर, श्री कल्याण राजकीय चिकित्सालय, सीकर ब्लड सेन्टर के साथ ही जयपुर व सीकर की कुल आठ ब्लड सेन्टर ने रक्त का संग्रहण किया।



शिविर प्रभारी संजय चौधरी व जे.पी. ठेहट ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ स्व. राजू ठेहट के चित्र पर पुष्पांजलि कर किया गया। मानव सेवा के लिए युवा वर्ग में अंगदान, देहदान व रक्तदान को लेकर काफी उत्साह है। रक्तदान कर व्यक्ति किसी कि जान बचा सकता हैं। इसी उद्देश्य को लेकर श्रद्धांजलि स्वरूप रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्थान प्रदेश के कोने-कोने से युवाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। ठेहट परिवार ने रक्तदाताओं का आभार प्रकट किया।



## राजकीय कमला मोदी महिला कॉलेज में कैम्पस ड्राइव का आयोजन



**भीम प्रज्ञा न्यूज़.नीमकाथाना।**

राजकीय कामला मोदी कॉलेज, नीमकाथाना में बुधवार को इमार्टिकस लर्निंग मल्टीपल कंपनियों के तहत ग्रुप सेल के लिए इन्वेस्टमेंट बैंकर और रिटेल बैंकर पैड पर कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इमार्टिकस लर्निंग दल के सदस्य मशहुर आयुषी जॉय और दिवांशु खत्री साक्षात्कारकर्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। प्रो. (डॉ.) अनूप कुमार ने कार्यक्रम का उद्धघाटन करते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया एवं सफल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में कॉलेज की लगभग 64 लड़कियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्लेसमेंट सेल के समन्वयक कुमुद प्रियदर्शनी, डॉ. संदेश गौतम व वीरेन्द्र शर्मा सदस्य सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

## शहीद झाबर सिंह नैन फुटबॉल प्रतियोगिता में खीरवा की टीम बनी विजेता व बिडोदी छोटी रही उपविजेता

### पीसीसी चीफ विधायक डोटासरा ने विधायक कोटे से खेल मैदान की चार दिवारी व द्वार बनाने की घोषणा की

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

बीदासर गाँव में शहीद झाबर सिंह नैन फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित हुआ। समापन समारोह में पीसीसी चीफ व लक्ष्मणगढ विधायक गोविंद सिंह डोटासरा मुख्य अतिथि थे। जबकि ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश सिहाग, बलारां सोसायटी के अध्यक्ष सुभाष पूनियां, दादूपंथ के निर्मल दास महाराज, कैलाश गोदारा, सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप गोदारा,सुनील नैन,सतपाल मुहाल,वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता रामचंद्र गोदारा,गिरधारी गोदारा मंचस्थथे । आयोजन समिति के सदस्य शशि गोदारा और राजेंद्र सैन ने बताया कि पीसीसी चीफ ने स्वयं के विधायक कोटे से निर्मित खेल मैदान की चारदीवारी,हाई मास्क लाइट, शौचालय, और अन्य निर्माण कार्यों को निरीक्षण किया। विधायक डोटासरा ने खेल मैदान की शेष बची हुई 500 फिट चारदीवारी तथा एक भव्य द्वार विधायक कोटे से बनाने की घोषणा की । साथ ही डोटासरा ने कहा कि खेल मैदान जिला स्तर का एक अच्छा स्टेडियम बने इस दिशा में आने वाले समय में प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य विद्याधर मील, प्रदीप नरुका, नेमीचंद राड, विजेंद्र गोदारा, आनंद शेखावत,दलीप सैन,गिरधारी सैन, दयाराम गोदारा, महावीर माहिच, देवकरण , दुर्गाराम , कैलास सैन, सुरेश नैण, गोपाल सैन, प्रदीप सैन,महेश सैन सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।फाइनल मुकाबला खीरवा व छोटी बिडोदी के मध्य हुआ जिसमें खीरवा विजय रहा।



## विश्व एड्स दिवस पर शांति निकेतन स्कूल के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित- रेपस्वाल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ) ।** विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में जिला एड्स कन्ट्रोल सोसायटी, फतेहाबाद द्वारा शांति निकेतन पब्लिक सीनियर सैकेंड्री स्कूल, ढिंगसरा में एचआईवी/एड्स की जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थय विभाग फतेहाबाद से नोडल अधिकारी डॉ विष्णु मित्तल, लेखाकार भीम सिंह, एड्स सलाहकार रमेश ढ़ाका व खुशी संस्था से सुपरवाईजर गोपाल बंसल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य रणसिंह रेपस्वाल व डायरेक्टर विजय सिंह बाघेला विद्यालय में पहुँचे मुख्यातिथियों का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह् भेंट कर उनका सम्मान बढ़ाया। उन्होंने बताया कि इस दिन को मनाने का मकसद इस खतरनाक और जानलेवा बीमारी को लेकर लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि एचआईवी एड्स को लेकर पिछले कुछ दशकों में प्रचार-प्रसार बढ़ा है, लेकिन लोगों को इतना जागरूक करने के बाद भी वे इसकी चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर शांति निकेतन स्कूल में स्लोगन, नृत्य, रंगोली, पोस्टर मेकिंग व भाषण जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 150 बच्चों ने भाग लिया।



उन्होंने बताया कि स्लोगन प्रतियोगिता में अनुराधा, हेमलत्ता, संध्या व मिनाक्षी और नृत्य में जानवी ने प्रथम, रंगोली में अंशुल व विजयलक्ष्मी ने प्रथम व खुशी, निराली, पूजा ने द्वितीय, पोस्टर मेकिंग में हिमानी व नीतू ने प्रथम, दृष्टि व आँचल ने द्वितीय तथा भाषण प्रतियोगिता में नीरू ने प्रथम व रीतू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। और इन प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मुख्यातिथि द्वारा सर्टिफिकेट व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉ विष्णु मित्तल ने बताया कि आप 1097 पर काल करके एड्स बीमारी के बारे में सारी जानकारी निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। देश के हर जिले के नागरिक अस्पताल में सुरक्षा क्लिनिक बनाए गए हैं, जहाँ इस के उपचार के लिए खूनजांच व दवाईयाँ उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जैसे महिलाओं में लयूकोरिया, पेडू में दर्द रहना व कमर दर्द तथा पुरूष व महिला के गुप्तांगों पर छोटे-छोटे लाल दाने होना आदि लक्षण दिखाई दे तो हमें इन का उपचार करवाना चाहिए। गर्भवती होने का पता चलते ही एचआईवी व सिपलिस टैस्ट करवाएं। अगर कोई गर्भवती महिला एचआईवी पॉजिटिव आ जाती हैं तो एआरटी नामक दवाई शुरू करें, जिससे बच्चे के अंदर एचआईवी वायरस फैलने की क्षमता को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि हमें इस बीमारी के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करना चाहिए, ताकि आगामी समय में हमारे राज्य ही नही बल्कि देश से भी इसे जड़ से खत्म किया जा सके।

# प्राचार्य रामचंद्र झुरिया दंपति ने वैवाहिक वर्षगांठ पर स्कूल के विद्यार्थियों को वितरण की गर्म स्वेटर

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़**

लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के माध्यम से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डागरा के प्राचार्य रामचंद्र झुरिया व उनकी धर्मपत्नी विमला देवी ने शादी की 35वीं वर्षगांठ पर सेवा संस्कार स्वाभिमान की भावना के तहत स्कूल के छात्र-छात्राओं को गर्म स्वेटर वितरण कर अपनी वैवाहिक वर्षगांठ को भारतीय संस्कृति के अनुसार मनाया। दोनों ने भगवान के दर्शन कर प्रसाद लगाकर बड़ों का आशीर्वाद लेकर बच्चों को गर्म स्वेटर वितरण की ।

आयोजित कार्यक्रम में सूबेदार मेजर हरफूल सिंह, सरपंच प्रतिनिधि विद्याधर सिंह, पूर्व ब्लाक शिक्षा अधिकारी रामनिवास शर्मा, एसडीएमसी अध्यक्ष मोहन लाल, समाजसेवी नरपत सिंह मंचस्थ अतिथि थे। अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । तत्पश्चात सभी मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक पूर्व ब्लाक शिक्षा अधिकारी रामनिवास शर्मा एवं प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा का शाल ओढ़ाकर,श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जबकि ट्रस्ट के दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत, नासिर तगाला, रोहित दइया, बिजेंद्र कुमावत को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य रामचंद्र झुरिया, रामकुमार शिवरान, सुभाष चंद्र माहिच, भागीरथ मल फगेडिया, गिरधारी लाल कुम्हार, नरोत्तम, सुभाष भाटी, दिवाकर, श्रीमती नयनतारा, श्रीमती पूजा कुमारी, ट्रस्ट संरक्षक रामनिवास शर्मा, प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत, रोहित दइया, नासिर तगाला, विजेंद्र कुमावत सहित अनेक कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति ग्राम वासी उपस्थित रहे।



# चिड़ावा में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस 2024 का भव्य आयोजन, दिव्यांग जनों की प्रतिभा को मिला सम्मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

परमहंस दिव्यांग सेवा समिति चिड़ावा द्वारा डालमिया खेल कूद परिसर में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस 2024 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्यांग जनों की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, शॉट पुट, ट्राई साइकिल 100 मीटर रेस आदि शामिल थीं।

इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न दिव्यांग जनों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया और उन्हें पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया, भाजपा वरिष्ठ नेता महेश बसावतिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में सांख्यिकी अधिकारी रणसिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में भामाशाहों ने सहयोग किया। इस अवसर पर राजस्थान व्हील चेयर रग्बी फेडरेशन के अध्यक्ष यू के पाण्डे, राजपूताना पैरा सीटिंग वालीबॉल के अध्यक्ष सुबेंदर कोठारी, मूलचंद राजोरिया प्राचार्य, शिवराज सिंह बुडानिया, अनिल कुमार पूर्व सरपंच गिडानिया, बी डी सी मेंबर भरत सिंह मास्टर, वीरभान, रामनिवास,सूरजभान योगी, शिक्षा विशेषज्ञ डॉक्टर भावना शर्मा, संतोष बसावतिया, कोच दीनदयाल शर्मा, राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी ब्रांड एम्बेसडर, अरुण दाधीच, अध्यक्ष होशियार सिंह परमहंस दिव्यांग सेवा समिति, सचिव अशोक बसेरा, राष्ट्रीय खिलाड़ी अरुण खुड़ोत, विमल योगी, संदीप धनखड़, राज्य पैरा खिलाड़ी, जितेंद्र धनखड़,अनिल राव, नितेश योगी, हिमांशु शर्मा, अंकित धनखड़, रंजीत राजबाला आदि उपस्थित रहें।





# चिड़ावा को न्यायालय की सौगात, क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

राजस्थान सरकार ने चिड़ावा में वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का नया न्यायालय सृजित और स्थापित करने की घोषणा की है। यह कदम न्याय प्रक्रिया को सरल बनाने और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। भाजपा जिला महामंत्री, राजेश दहिया ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्य सरकार का इस निर्णय के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। यह न्यायालय न केवल चिड़ावा के नागरिकों को सुलभ न्याय दिलाने में मदद करेगा, बल्कि क्षेत्र के विकास में भी मील का पत्थर साबित होगा। दहिया ने इसे चिड़ावा क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की न्यायिक जरूरतें पूरी होंगी। इस खबर से चिड़ावा और आसपास के क्षेत्रों में उत्साह और हर्ष का माहौल है।



# भाजपा खुड़ी मण्डल की बूथ सरंचना बैठक आयोजित



**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

भाजपा खुड़ी मंडल की बूथ सरंचना बैठक बुधवार को सनवाली गांव में आयोजित हुई। इस अवसर पर भाजपा नेता दिनेश जोशी, मण्डल बूथ सरंचना प्रभारी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष बाबूसिंह बाजोर ,जिला उपाध्यक्ष राजकुमार जोशी,जिला मंत्री गोपाल लाटा एवं सदस्यता अभियान के तहसील संयोजक नवरंग चौधरी लालासी की उपस्थित में बूथ सरंचना बैठक आयोजित हुई वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से आगामी संगठनात्मक कार्य की जानकारी दी तथा प्रत्येक बूथ अध्यक्ष के घर की छत पर पार्टी का झंडा लगाने की पार्टी के आदेश की जानकारी दी ।बैठक में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से बूथ अध्यक्ष बनाए गए।

खुड़ी मण्डल अध्यक्ष अमृत ख्यालिया, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रतन गोदारा, पंचायत समिति सदस्य बनवारी ढूकिया , सदस्यता अभियान के मंडल संयोजक महावीर मातवा के नेतृत्व में भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने सनवाली की बूथ पर बूथ अध्यक्ष अमित सैनी, बनवारी कटारिया,संदीप कटारिया के घर पर पार्टी का झंडा लगाया। बूथ अध्यक्ष ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच नरेश मंडीवाल ,राकेश ढाका बासनी,फतेह सिंह महरिया,विद्याप्रकाश मातवा, कर्ण सिंह बंजारा,बनवारी कटारिया, दल्लाराम कटारिया , हरदयाल, रणजीत,महिपाल,नवरंग,गिरधारी फौजी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। विनोद कटारिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# डुलानिया गांव में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पिलानी**

पिलानी विधानसभा क्षेत्र के डुलानिया गांव में बस स्टैंड से नाथाना जोहड़ तक 2.5 किमी लंबी सड़क का निर्माण कार्य 62.50 लाख रुपये की लागत से शुरू हुआ। भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया ने नारियल पधारकर इस कार्य का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य राजेंद्र नेहरा (देवरोड़), रामपाल सिंह शेखावत, डॉ. सुरेंद्र सिंह सिहांग, विक्रम रोहिला, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संदीप पारीक, जेईएन दिनेश पंधाल, राजेंद्र बागड़वा, राजकुमार पूनियां, सुरेश कुमार, दिनेश पूनियां, ईश्वर पूनियां, महिपाल शेखावत, उम्मेद पूनियां, इंद्रपाल स्वामी, जयप्रकाश सोनी, हवासिंह राव, धर्मवीर पूनियां, विक्रम सिंह शेखावत, जितेंद्र पारीक, चुन्नीलाल पारीक, शंकर पूनियां, जयदेव पूनियां, बहादुर सिंह शेखावत, हवासिंह कटेवा, बाबूलाल सोनी, रामसिंह जागीड़, कुलबीर हसास, विजय कुमार चाडीवाल, सुरेश पूनियां, और डॉ. सुनील सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने दहिया का स्वागत और अभिनंदन करते हुए उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद प्रकट किया। इस मौके पर दहिया ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगी और नागरिकों को बड़ी सुविधा प्रदान करेगी।



# श्रीराम-जानकी विवाह महोत्सव सर्वत्र मनाने पर हुआ संवाद

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।**

**कमल किशोर पंवार** । कस्बे में स्थित नवल कुंज में साहित्यकारों और धर्माचार्य की बैठक "काव्यशास्त्र विनोद" हुई। बैठक में श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव की महिमा को लेकर चिंतन मनन हुआ। जिसमें जन मंगल सेवा संस्थान के ठाकुर आनंद सिंह शेखावत ने अपने संबोधन में कहा कि आज आवश्यकता है प्रभु श्रीरामचंद्र जानकी जी के विवाह महोत्सव मनाने की। तद्नुसार मार्गशीर्ष, शुक्ल ,पंचमी शुक्रवार 6 दिसंबर 2024 को विवाह दिवस है और जनकपुर में बारात मार्गशीर्ष शुक्ल दशमी तदनुसार 10 दिसंबर तक ठहरी थी और तब भगवान श्रीराम - जानकी जी अपने घर अयोध्या आए। ये केवल सीताजी और श्री रामचंद्र जी का विवाह महोत्सव ही नहीं है, बल्कि चारों भाइयों का विवाह महोत्सव है ,ऐसा संपूर्ण मंगलो को करने वाला शुभ दिवस है उन्होंने बताया कि इस अवसर पर 6 दिसंबर को नवलकुंज में भी कार्यक्रम किया जाएगा। साथ ही आह्वाहन किया है कि प्रत्येक विद्यालय में , प्रत्येक मंदिर में, संत महात्माओं के आश्रम पर, व्यायामशालाओ में ,गौशालाओं में, समस्त ऐतिहासिक, साहित्यिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थाओं में सबको जन जन के आराध्य भगवान राम जानकी जी का विवाह उत्सव मनाने का संकल्प लेना चाहिए, हमारी संस्कृति की विरासत हेतु, राष्ट्र की अस्मिता और जीवन मूल्यों की रक्षा हेतु अपना नैतिक कर्तव्य समझकर मानना चाहिए।इस मौके पर वैध रामकृष्ण शौनक ,कवि श्रीकांत पारीक , सुरेश कुमार सोनी , पुजारी शंकरलाल , विनोद कुमार शर्मा, रतनलाल कुमावत सहित अनेक धर्म प्रेमी व्यक्ति मौजूद रहे।





# स्व.डॉ बीएल मेहरड़ा की 82वीं जयंती: छात्रवृत्ति परीक्षा में रवां गांव की लाड़ो पूजा जेवरिया को मिला द्वितीय पुरस्कार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ी।**

गुरुवार को बी.एल एम मेहरड़ा स्मृति पार्क राजोता में स्व.डॉ बी एल मेहरड़ा पूर्व आईएएस की 82वी जयंती पर आयोजित छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा 2024 का पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर छात्रवृति कंपटीशन में ब्लॉक स्तर पर कक्षा 8 को छात्रा पूजा जेवरिया पुत्री संजय जेवरिया को दित्तिय स्थान प्राप्त हुआ है, जिसकी ईनाम राशी एक टेबलेट, मेडल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रा पूजा जेवरिया रवां गांव खेतड़ी तहसील की रहने वाली है, जो अपने गांव और तहसील का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर पूजा जेवरिया को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन स्व.डॉ बी एल मेहरड़ा पूर्व आईएएस की 82वी जयंती पर किया गया था, जो एक महान व्यक्तित्व और प्रशासक थे। उनकी जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को प्रेरित करना और उनकी शैक्षिक उपलब्धियों को सम्मानित करना था। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने पूजा जेवरिया को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, उन्होंने छात्रों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।





# सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाएं आहत करने वाले युवक को महवा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भीम प्रज्ञा न्यूज. महवा।**

**मनोज खंडेलवाल** । महवा पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले आपत्तिजनक टिप्पणियां करने के आरोप में फैजान पुत्र मोहम्मद इस्ताक (उम्र 19 वर्ष), निवासी भरतपुर रोड, मम्मू कॉलोनी, महवा जिला दौसा को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई महानिरीक्षक जयपुर रेंज, जयपुर के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई, जिसमें धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले मामलों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। इसे लेकर दौसा एसपी रंजीता शर्मा ने बताया कि उनके निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौसा लोकेश सोनवाल (आरपीएस) और वृत्ताधिकारी महवा रमेशचंद्र तिवाड़ी (आरपीएस) के सुपरविजन में थाना महवा के थानाधिकारी जितेंद्रसिंह सोलंकी (पु.नि.) के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को 01 दिसंबर 2024 को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, फैजान ने ट्विटर पर ऐसी टिप्पणियां की थीं, जो धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली थीं। इन टिप्पणियों के माध्यम से समुदाय विशेष के बीच वैमनस्य फैलाने का प्रयास किया गया था। इस मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तकनीकी और फील्ड इन्वेस्टिगेशन के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया।



# विद्युत विभाग कार्मिक ठेका कर्मचारी संयुक्त सघर्ष समिति ने जनसुनवाई के दौरान महवा विधायक को सौंपा ज्ञापन

## विभाग में ठेका प्रथा समाप्ति और RLSDC निर्देशक की नियुक्ति की रखी मांग

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल** । मंडावर कस्बे में आयोजित उपखंड स्तरीय जनसुनवाई के दौरान विद्युत विभाग कार्मिक ठेका कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, अलवर के पदाधिकारियों ने महवा विधायक राजेंद्र मीना को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राजस्थान लॉजिस्टिकल सर्विस डिलीवरी कॉर्पोरेशन (RLSDC) में निर्देशक की नियुक्ति को लेकर त्वरित कार्रवाई की मांग की गई। समिति के द्वारा सौंपें गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि राजस्थान सरकार द्वारा कार्यरत प्लेसमेंट एजेंसियों (ठेका प्रथा) के माध्यम से निविदा कार्मिकों की भर्ती प्रक्रिया को समाप्त कर, REXCO की तर्ज पर सरकारी कॉर्पोरेशन RLSDC का गठन किया जा रहा है। यह कार्य प्रशासनिक सुधार विभाग के अधीन प्रगतिशील है। RLSDC के गठन का उद्देश्य ठेका प्रथा में कार्यरत कर्मियों को शोषण से मुक्त करना है।

इसे लेक समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि RLSDC कॉर्पोरेशन के निर्देशक की नियुक्ति से संबंधित पत्रावली माननीय मुख्यमंत्री के कार्यालय में लंबित है। उन्होंने महवा विधायक से इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री से संपर्क कर इस पत्रावली पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है। साथ ही संघर्ष समिति का कहना है कि ठेका प्रथा में कार्यरत कर्मी लंबे समय से शोषण का सामना कर रहे हैं। RLSDC के तहत नियुक्तियां और प्रबंधन कर्मियों को सुरक्षा, स्थायित्व, और सम्मानजनक कार्य परिस्थितियां प्रदान करेंगे। पदाधिकारियों ने महवा विधायक से आग्रह किया कि इस मुद्दे को प्राथमिकता पर उठाया जाए और जल्द से जल्द RLSDC निर्देशक की नियुक्ति कर ठेका प्रथा से कर्मियों को मुक्ति दिलाई जाए। इसे लेकर महवा विधायक राजेंद्र मीना ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि वे मुख्यमंत्री कार्यालय से इस मामले पर चर्चा कर जल्द कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।



# एसडीएम प्रतीक हुड्डा व डीएसपी शमशेर सिंह ने समाधान शिविर में सुनी जन-समस्याएं

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ)** । एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने कहा कि समाधान शिविर में आमजन की शिकायतों और समस्याओं का प्राथमिकता से निवारण किया जा रहा है। समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र, बुढ़ापा पेंशन व अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं को लेकर पहुंचे नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। इस मौके पर डीएसपी शमशेर सिंह व तहसीलदार सन्नी दलाल भी मौजूद रहे।

एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के निदान के लिए प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 10 से 12 बजे तक लघु सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित कमरा नम्बर 22 में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बुधवार को आयोजित समाधान शिविर में समाज कल्याण विभाग से संबंधित 4 शिकायतें प्राप्त हुई जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समाधान करवाया गया। उन्होंने कहा कि आम जनता की शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान में समाधान शिविर कारगर साबित हो रहे हैं। उन्होंने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए समाधान शिविर में मौके पर ही समस्याओं का निवारण करवा सकते है। समाधान शिविर आयोजित करने का प्रमुख लक्ष्य है कि एक स्थान पर सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहकर लोगों की शिकायतों का मौके पर तुरंत निपटारा करें, ताकि आम जनता को विभिन्न विभागों के अलग-अलग कार्यालयों में चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने नागरिकों की शिकायतें सुनते हुए शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त किया कि प्रशासन द्वारा उनकी सभी शिकायतों का यथासंभव निपटारा किया जाएगा।



# जिला व उपमंडल स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसंबर को- सीजेएम गायत्री

## सेशन जज दीपक अग्रवाल ने किए मामलों के निपटान के लिए प्री-जाइडिंग ऑफिसर व सदस्य नियुक्त

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ)** । राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सौजन्य से हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पंचकूला (हालसा) के सदस्य सचिव से प्राप्त दिशा-निर्देशों की अनुपालना में पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में 14 दिसंबर को सुबह 10 बजे जिला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन स्थानीय न्यायिक परिसर में किया जाएगा। इसके अलावा उपमंडल स्तर पर भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस बारे जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल ने राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निपटान हेतु प्री-जाइडिंग ऑफिसर व सदस्य नियुक्त किए हैं। जिला




फतेहाबाद में 14 दिसंबर को इस वर्ष की चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जाएगी। इस लोक अदालत में आपराधिक अल्प मामलों, एनआई एक्ट 138, एमएसीटी केस, वैवाहिक, श्रम, भूमि अधिग्रहण, किराया, बैंक रिकवरी, राजस्व, मनरेगा, बिजली व पानी बिल, वन अधिनियम, आपदा मुआवजा इत्यादि अन्य मामलों की सुनवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित गर्ग, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नताशा शर्मा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संतोष बगोटिया, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी जोगिंद्र जांगड़ा को प्री-जाइडिंग ऑफिसर व एडवोकेट कपिल कुमार, एडवोकेट श्वेता रानी, एडवोकेट एमएल भांभू व पूनम रानी को सदस्य नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार रतिया उपमंडल के लिए सिविल जज (जूनियर डिवीजन) एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कुमारी ज्योति व टोहाना उपमंडल के लिए सिविल जज (जूनियर डिवीजन) एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी पवनदीप कौर को प्री-जाइडिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इनके साथ एडवोकेट सुखदेव व एडवोकेट सुनील अनेजा को सदस्य नियुक्त किया गया है।


# एससी - एसटी वर्ग की जमीनों से जुड़े संशोधन वापस लेने की मांग, मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चित्तौडग़ढ़।**



**प्रकाश सोलंकी पीपलेवास** । फुले अंबेडकर विचार मंच आसावरा के संयोजक शंकरलाल मेघवाल बिलड़ी ने एससी एसटी की जमीनो को लेकर लीज पर देने के प्रावधान को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। पत्र में बताया की हाल ही में सरकार की कैबिनेट बैठक में राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 42 में संशोधन के निर्णय से संबंधित वर्गों को आजीविका और सुरक्षा पर गंभीर संकट खड़ा होने की आशंका है। जो राजस्थान भू राजस्व अधिनियम की धारा 42 इन वर्गों की भूमि को अन्य समुदाय को बेचने गिरवी रखने व हस्तांतरित करने से रोकते हैं इसका उद्देश्य एससी और एसटी वर्ग की भूमि और उनके अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है लेकिन इस संशोधन के बाद भूमाफिया को इन वर्गों की जमीन हथियाने का एक नया रास्ता मिल जाएगा। शंकर लाल मेघवाल बिलड़ी ने आगे बताया की एससी एसटी वर्ग के लोगों के पास जो थोड़ी बहुत कृषि योग्य जमीन बची हुई है वह भी इस प्रावधान के चलते नहीं बचेगी इस प्रावधान को वापस लेकर एससी एसटी वर्ग के हितों का संरक्षण प्रदान करे।

# चेक अनादरण मामला: एसीजेएम महवा ने दोषी को एक वर्ष साधारण कैद और 10 लाख जुर्माने की सजा सुनाई




**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**

**मनोज खंडेलवाल** । महवा जिला दौसा की अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) नीतू भारद्वाज (राजस्थान न्यायिक सेवा) ने चेक अनादरण के एक गंभीर मामले में सोनिया हॉस्पिटल एंड ट्रोमा सेंटर, हिंडौन सिटी के प्रोप्राइटर महेंद्र सिंह योगी को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। अभियुक्त को एक साल के साधारण कारावास और 10 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

इसे लेकर परिवादी के वकील भुवनेश त्रिवेदी ने बताया कि परिवादी डॉ. हरिसिंह भंडारी ने अपने अधिवक्ता भुवनेश त्रिवेदी और राजेंद्र कुमार के माध्यम से धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट) के तहत अदालत में परिवाद दायर किया था। परिवाद के अनुसार, सोनिया हॉस्पिटल एंड ट्रोमा सेंटर के प्रोप्राइटर महेंद्र सिंह योगी ने 6.10 लाख रुपये की राशि का चेक दिया था। जब यह चेक बैंक में भुगतान के लिए लगाया गया, तो वह अनादरित हो गया। इसे लेकर न्यायालय ने मामले में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, अदालत ने अभियुक्त को दोषी पाते हुए एक साल के साधारण कारावास और 10 लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। आदेश के अनुसार, अर्थदंड की राशि में से 09 लाख रुपये परिवादी को क्षतिपूर्ति के रूप में दिए जाएंगे, जबकि शेष राशि राजकोष में जमा कराई जाएगी।

# विधायक राजेन्द्र मीना की अध्यक्षता में मंडावर में उपखंडस्तरीय जनसुनवाई हुई आयोजित

## विधायक नें जनता की समस्याओं के समाधान के लिए दियें सख्त निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल** । मंडावर कस्बे स्थित उपखंड कार्यालय में बुधवार को उपखंडस्तरीय जनसुनवाई बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता विधायक राजेन्द्र मीना ने की। बैठक में मंडावर उपखंड अधिकारी अमित वर्मा, तहसीलदार धीरेन्द्र कर्दम और विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी आदि भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में क्षेत्र के आमजन ने बिजली, पानी, सफाई, पुलिस, रास्ते सहित अतिक्रमण से सबंधित कई समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं।

विधायक राजेन्द्र ने आमजन की सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियो को निर्देश देते हुये यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के बार-बार चक्कर न काटने पड़ें। इस दौरान सामाजिक संगठनों ने मंडावर क्षेत्र में गौशाला खोलने और मंडावर रेलवे स्टेशन




पर गोमतीनगर एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 19715/19716) के ठहराव की भी विधायक से ज्ञापन देकर मांग की। ग्रामीणों ने नगरपालिका क्षेत्र में नरेगा कार्यों में हाजिरी को लेकर गड़बड़ियों की शिकायत भी विधायक को सौंपी जिसे लेकर विधायक ने ग्रामीणो को इसकी जाँच कराकर आवश्यक सख्त कार्यवाही कराने का भरोसा दिलाया। विधायक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी समस्याओं का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी दी कि यदि सरकारी कार्यालयो में किसी भी कार्य के बदले भ्रष्टाचार की शिकायत मिली तो दोषी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि महवा विधानसभा क्षेत्र में वही अधिकारी टिकेंगे जो जनता की समस्याओं का समय पर निस्तारण करेंगे। अन्यथा उन्हें अपने स्थानांतरण की तैयारी करनी होगी।

विधायक ने कहा कि पिछले शासनकाल से सरकारी कार्यालयो मे जमे कुछ अधिकारी और कर्मचारी जनता के कार्यों में कोताही बरत रहे हैं। ऐसे कर्मचारियों को अपनी कार्यशैली में सुधार लाने की सख्त चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि यदि उनकी कार्यशैली में बदलाव नहीं हुआ तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।
इसके साथ ही विधायक ने घोषणा करते हुये कहा कि इसी प्रकार हर माह एक नियत तिथि को उनकी उपस्थिति में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और आज प्राप्त सभी समस्याओं का समाधान अगली जनसुनवाई तक सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, क्षेत्रीय सरपंच, जनप्रतिनिधि, भाजपा मंडल अध्यक्ष, भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में क्षेत्र के आमजन उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान विधायक के इस तरह के सख्त रुख और ठोस निर्देशों से जनता को अपनी समस्याओं के शीघ्र समाधान होने की उम्मीद जागी है।

# बाबा द्रोणगीरी क्रिकेट एकादमी ललौदा के खिलाड़ी बादल का हुआ विजय मर्चेंट हरियाणा अंडर 16 आयुवर्ग में चयन

**बादल को मिला उसकी मेहनत व लगन का पारितोष- नरेश कुलडिया**

**विजय मर्चेंट हरियाणा क्रिकेट टीम में चयन से बादल का पूरा गांव में खुशी की लहर**

**बादल बेहद ही गरीब घर का होनहार खिलाड़ी हैं- कोच मनदीप सिंह**

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ)** । बाबा द्रोणगीरी क्रिकेट एकादमी ललौदा के प्रतिभावान खिलाड़ी बादल का विजय मर्चेंट हरियाणा अंडर 16 आयुवर्ग में चयन होने पर टोहाना के




गांव ललोदा और पूरे जिला फतेहाबाद में खुशी की लहर दौड़ गई है बादल के कोच मनदीप सिंह ने बताया कि बादल एक बहुत ही गरीब परिवार हो होनकार बच्चा है जो बचपन से ही बाबा द्रोणगीरी मैदान में पूरी लगन के साथ अपनी मेहनत कर रहा जिसका परिनणाम आज हम सब के सामने है, बादल ने खण्ड, जिला एवं प्रदेश स्तर पर जबदस्त खेल का प्रदर्शन कर अपनी योग्यता का परिचय दिया है और जिसके दम पर विजय मर्चेंट हरियाणा क्रिकेट टीम में चयनित हुआ है मनदीप ने बताया कि यह सब उपलब्धि हासिल करने में हमारे जिला के सचिव नरेश कुलडिया का बहुच ही बड़ा सहयोग है क्योंकि उन्होंने न केवल सदा हमेशा मार्ग दर्शन प्रदान किया बल्कि समय-समय पर बादल को वित्तिय सहायता कर एक नेक दिल एवं खेल प्रेमि होने उदाहरण स्थापित किया जिसका हम सदैव ही अनुसरण कर अन्य खिलाडियों को प्रेरित करते रहेंगे। बादल के चयन से गद्गद जिला क्रिकेट सचिन नरेश कुलाडिया ने कहा कि हमारे मार्ग दर्शन से अनेक खिलाडियों का चयन हुआ है लेकिन बादल के चयन से मुझे जो खुशी मिली उसको मै शब्दों में ब्यान नहीं कर सकता क्योंकि मुझे लगता है कि मैन व मेरी पूरे जिला की टीम ने सही मायनों में मानवता धर्म का पालन किया है। इस अवसर पर बाबा द्रोणगीरी क्रिकेट एकादमी ललौदा के समस्त खिलाड़ी गांव के सरपंच देवीलाल, पूर्व सरपंच बलविंद्र पंच एवं खेल प्रेमियों ने खिलाड़ी बादल को अपना आर्शीवाद दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# समाज में युवाओं में फैल रही नशा प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए सख्त हो भाजपा की डबल इंजन सरकार- महंत बाबा भोलेनाथ धारसूल

**युवा नशे से खोखले हो जाएंगे तो देश व प्रदेश का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा**

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ)** । सत्ता के नशे में चूर भाजपा सरकार को नशे के दल दल के फंसते युवाओं के भविष्य की ओर ध्यान देने की जरूरत है। यह बात टोहाना हलका से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता महंत बाबा भोलेनाथ धारसूल ने कही। उन्होंने भाजपा सरकार का ध्यान प्रदेश में बढ़ते नशे की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि आज युवा पीढ़ी नशे के दल दल में फंस कर अपना भविष्य बरबाद कर रहा है, इसके पीछे कहीं ना कहीं सरकार की नाकामी भी है। भाजपा सरकार नशे के कारोबार व रोकथाम में विफल साबित हो रही है। प्रदेश के युवाओं को नशे के जाल से बचाने के लिए सरकार को समय रहते कठोर कदम उठाने चाहिए। महंत बाबा भोलेनाथ धारसूल ने कहा कि टोहाना, रतिया फतेहाबाद सहित प्रदेशभर में नशे का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। सरकार व पुलिस प्रशासन को सख्त एक्शन लेकर इसकी रोकथाम के लिए कड़े नियम बनाने चाहिए। युवा ही हमारे देश व प्रदेश का



आधार हैं। यदि नशे की चपेट में आकर युवा खोखला हो जाएंगे तो आने वाले समय में देश व प्रदेश की जिम्मेदारी कौन उठा पाएगा। युवाओं को नशों से दूर करने के लिए सरकार तेजी से जागरूकता अभियान चलाए तथा युवाओं को खेलकूद में आगे बढने के लिए प्रेरित करें।

# अमेजॉनं कंपनी के कर्मचारियों व डिलीवरी बाय ने मिलकर किया ग्राहक के साथ धोखा, ग्राहक की जागरूकता से सच्चाई की हुई जीत

## अमेजॉन कंपनी को उपभोक्ता फोरम ने सुनाया दंड व लगाया जुर्माना

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ)** । लगभग सवा 2 साल पहले टोहाना नवदुर्गा स्टेट निवासी वीरेंद्र कौशल ने अमेजॉन कंपनी से एक एलइडी कैश ऑन डिलीवरी मंग वाई और कैश ऑन डिलीवरी करियर टोहाना आने के बाद डिलीवरी कोरियर के कोरियर बॉय ने वीरेंद्र कौशल को फोन करके नहर पर आने को कहा कि आप नहर पर आकर अपनी एलईडी ले जाएं। वीरेंद्र कौशल के एतराज जताने के बाद की एलईडी लेने के लिए नहर पर नहीं आ सकते आप कृपया घर पर ही एलईडी देने आए इसके बाद उन्होंने एलइडी का आर्डर ही कैंसिल कर दिया ,इसकी शिकायत वीरेंद्र कौशल ने अमेजॉन कस्टमर केयर में की कि आपका डिलीवरी कोरियर बॉय ने ऐसी बदतमीजी की है और करियर भी कैंसिल कर दिया है ! तब कस्टमर केयर वालों ने कहा कि आप अमेजॉन पे वॉलेट में पैसे डालकर अपनी एलईडी दोबारा से आर्डर कर लीजिए, वीरेंद्र कौशल ने अपने एसबीआई अकाउंट से 10 - 10 हजार करके 30 हजार की राशि अमेजॉन पर वॉलेट में ट्रांसफर कर ली। परंतु अगले दिन सुबह-सुबह वही कोरियर वाले कंज्यूमर के घर




पहुंच गए और कहां की कल हमारे लड़के से गलती हो गई थी उसके लिए हम आपसे माफी मांग रहे हैं, कृपया आप यह एलईडी ले लीजिए और हमें पैसे दे दीजिए तब वीरेंद्र कौशल ने दोबारा अमेजॉन कस्टमर केयर में फोन करके पूछा की सर मुझे क्या करना चाहिए। अमेजॉन कस्टमर केयर की तरफ से उन्हें यह कहा गया कि आप यह एलईडी लेकर इनको पैसे दे दीजिए और हम आपके अमेजॉन पे वॉलेट वाले 30 हजार आपके अकाउंट में रिफंड कर देंगे। उसके पश्चात अमेजॉन कस्टमर केयर ने 30 हजार रिफंड करने की बजाय वीरेंद्र कौशल का अमेजॉन अकाउंट ही क्लोज कर दिया, काफी प्रयास ईमेल एवं शिकायत आदि करने के बाद भी कोई पॉजिटिव रिस्पांस नहीं मिला जिसके चलते वीरेंद्र कौशल ने मजबूर होकर कंज्यूमर कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़, सवा 2 साल की लंबी लड़ाई के बाद 16 अक्टूबर 2024 को कोर्ट ने फैसला सुनाया की वीरेंद्र कौशल को 30 हजार तथा 21 हजार अलग से वह 7 प्रतिशत ब्याज अमेजॉन को देना होगा जो 55645 बनते हैं और यह राशि 45 दिन तक जमा न करवाने पर अमेजॉन को कम से कम 25 हजार जुर्माना जिसको बढ़कर 1 लाख किया जा सकता है वह 1 साल की कैद जिसको बढ़कर 3 साल की किया जा सकता है कि यह भी की जा सकती है, जिसके चलते 3 दिसंबर 2024 को अमेजॉन के वकील ने वीरेंद्र कौशल को 55645 का डिमांड ड्राफ्ट दिया। वीरेंद्र कौशल ने नौजवान युवाओं को संदेश दिया कि हमें इस ऑनलाइन के चक्रव्यूह से निकलकर अपना सामान अपने नजदीक की दुकानदार को खरीदना चाहिए क्योंकि ऐसी कंपनियां ग्राहकों के साथ लुभाने वायदे और लुभावना लालच देकर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है जिसके चलते हमारे लोकल दुकानदार तो निराश हो ही रहे है साथी आम इंसान भी इन कंपनियों की ठगी का शिकार होते जा रहे है।

# अतिक्रमण रोकने के लिए टोहाना नगर परिषद ने शहर के बाजारों में लगाई पीली पट्टी- चैयरमेन नरेश बंसल

## पीली पट्टी से शहर को बाजारों में अनावश्यक अतिक्रमण से मिलेगी निजात

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**विजय रंगा ( ब्यूरो चीफ)** । शहर में बढ़ते अतिक्रमण पर अंकुश लगाने के लिए नगर परिषद की ओर से पीली पट्टी लगाई गई है। अब दुकानदार दुकानों के आगे इस पीली पट्टी को पार करके सामान बाहर नहीं रख सकेंगे। इससे जहां अतिक्रमण पर रोक लगेगी, वहीं हादसे की संभावना भी कम होगी। दरअसल, अतिक्रमण के चलते लोगों का दोपहिया वाहन के साथ-साथ पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। नगर परिषद के पास लगातार बाजार में अतिक्रमण की



शिकायत मिल रही थी। इसके चलते परिषद की ओर से एजेंसी को पट्टी बनाने का ठेका दिया गया है। शहर की लक्कड़ मार्केट से रेलवे रोड तक दुकानदारों की ओर से अपनी दुकानों के आगे मेज लगाकर जगह को किराये पर दे दिया जाता है, जिससे सड़क पर अतिक्रमण बढ़ जाता था। इस अतिक्रमण के चलते वाहन चालकों का निकलना मुश्किल हो जाता था। बार-बार अतिक्रमण पर अंकुश लगाने की मांग की जाती थी। अब नगर परिषद की ओर से शहर के इस रोड पर दोनों तरफ व फुटपाथ पर पट्टी बना दी है। अब जो दुकानदार इसके बाहर अपना समान निकालेगा, नगर परिषद की ओर से उस सामान को जब्त कर लिया जाएगा

# आईसीसी रैंकिंग में यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली को बड़ा नुकसान, बुमराह की बादशाहत कायम

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी है। इस रैंकिंग में भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली को नुकसान हुआ है। जबकि जसप्रीत बुमराह की बादशाहत कायम है। दरअसल, पिछले हफ्ते के अपडेट में दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच खेले गए पहले टेस्ट के अलावा न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच खेले गए पहले टेस्ट को भी शामिल किया गया है।

वहीं टेस्ट रैंकिंग की बात करें तो, इंग्लैंड के जो रूट पहले स्थान पर बने हुए हैं जबकि इंग्लैंड के ही हैरी ब्रूक दो स्थान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन तीसरे स्थान पर हैं तो भारत के यशस्वी जायसवाल दो स्थान के नुकसान के साथ चौथे नंबर पर खिसक गए हैं। श्रीलंका के कमिंडु मेंडिस दो स्थान के फायदे से अब सातवें नंबर पर हैं तो साउथ अफ्रीका के टेम्बा बावुमा 14 स्थान के जबरदस्त फायदे से सीधे 10वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

इसके अलावा भारतीय सलामी बल्लेबाज विराट कोहली टॉप 10 से बाहर हो गए हैं, उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ और वह अब 14वें स्थान पर हैं। श्रीलंका के धनंजय डी सिल्वा एक स्थान के फायदे से 15वें तो दिनेश चंडीमल दो स्थान के फायदे से 17वें पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के ओली पोप आठ स्थान के फायदे से 32वें नंबर पर तो बेन स्टोक्स सात स्थान के फायदे से 34वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

हालांकि, टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पहले और दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा उनके बाद दूसरे स्थान पर कायम हैं। श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या तीन स्थान के नुकसान से आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं डरबन टेस्ट में 11 विकेट अपने नाम करने वाले दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसेन 19 स्थान के जबरदस्त फायदे से सीधे 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं।




# सचिन की बेटी सारा तेंदुलकर बनी एसटीएफ इंडिया फाउंडेशन की डायरेक्टर



**मुम्बई (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का फाउंडेशन (एसटीएफ इंडिया) मुख्य रूप से गरीब बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल से जोड़ने का काम करता है की कमान अब उनकी बेटी सारा तेंदुलकर संभालेंगी। सचिन ने सोशल मीडिया पर बताया कि उनकी बेटी सारा अब इस फाउंडेशन में डायरेक्टर के पद पर काम करेंगी।

तेंदुलकर ने अपने पोस्ट में कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मेरी बेटी सारा तेंदुलकर एसटीएफ इंडिया में डायरेक्टर के तौर पर शामिल हो गई हैं। अब सारा भारत में खेल, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने की यात्रा पर निकल रही हैं।

सचिन ने यह भी साझा किया कि सारा तेंदुलकर ने फाउंडेशन के कार्यों में अपनी भागीदारी शुरू कर दी है और उन्होंने कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं, जिनमें सारा बच्चों के साथ समय बिताती हुई नजर आ रही हैं। तस्वीरों में सारा बच्चों के साथ बैठी हुई मस्ती करती दिखाई दे रही हैं, जो यह दर्शाती है कि वह न केवल एक नेतृत्वकर्ता के रूप में, बल्कि एक प्रेरणादायक और सहयोगात्मक भूमिका में भी सक्रिय हैं।

सचिन की इस फाउंडेशन का उद्देश्य भारत के गरीब बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और खेल के माध्यम से एक बेहतर भविष्य देना है। इस फाउंडेशन के को-फाउंडर और डायरेक्टर सचिन और उनकी पत्नी अंजलि तेंदुलकर हैं। अब सारा के इस महत्वपूर्ण पद पर आसीन होने से फाउंडेशन के कार्यों को और गति मिलेगी और यह उम्मीद जताई जा रही है कि वह अपने पिता के दृष्टिकोण और मिशन को और आगे बढ़ाएंगी।

# सब जूनियर खिलाड़ियों के साथ अनुभव अच्छा रहा : रानी

**रोहतक (एजेंसी)।** पिछले महीने माह ही हॉकी को अलविदा कहने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल आजकल जूनियर महिला टीम की कोच के तौर पर काम कर रही हैं। इसी को लेकर रानी ने कहा, ''सब जूनियर खिलाड़ियों के साथ काम करने का मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा और मैंने इससे काफी कुछ सीखा। वे युवा लड़कियां थीं जो मेरे जैसी ही पृष्ठभूमि से आती हैं। उनकी परेशानियों को समझना और उनका मार्गदर्शन करना आसान था।'' उन्होंने कोच के तौर पर अपने अनुभव के बारे में कहा,''मैंने उनसे कहा कि अगर मैं सफल हो सकती हूं तो आप भी हो सकती हो। उन्हें मार्गदर्शन की जरूरत है और मैंने उनके साथ अपने अनुभव साझा करके उन्हें वह मार्गदर्शन देने का प्रयास किया है।'' वह आगामी हॉकी इंडिया लीग में सूरमा हॉकी क्लब के लिए मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में भी काम करेंगी। इसमें पहली बार महिलाओं का टूर्नामेंट भी होगा। रानी ने साल 2008 में 14 साल की उम्र में ओलंपिक क्वालीफायर में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया था। इसलिए उन्हें पता है कि एक युवा खिलाड़ी किस तरह के दबाव का अनुभव करता है। उन्होंने कहा,''मैं सूरमा क्लब की मेंटर बनने जा रही हूं इसलिए मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से उस भूमिका को निभाने का प्रयास करूंगी। युवा खिलाड़ियों पर मानसिक और भावनात्मक रूप से प्रदर्शन करने का बहुत दबाव होता है। मैं इसमें उनकी मदद करना चाहूंगी। वहीं सीनियर हॉकी टीम को इस पूर्व कप्तान कहा है कि एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर भारतीय टीम ने एक प्रकार से 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों के लिए अपनी तैयारी शुरु कर दी है। इससे पता चलता है कि टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है। रानी ने कहा, ''एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की जीत हमारी महिला हॉकी टीम को और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी। यह अच्छी शुरुआत है। इससे तय है कि कोच हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी।''



# भारतीय महिला टीम के सामने ऑस्ट्रेलिया को उसके गढ़ में हराने की कड़ी चुनौती

**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीमों के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को लेकर बनी हाइप के बीच दोनों देशों की महिला क्रिकेट टीमें बृहस्पतिवार से यहां एलेन बॉर्डर फील्ड पर तीन मैचों की वनडे श्रृंखला खेलेगी तो हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम की नजरें ऑस्ट्रेलिया में अपना रिकॉर्ड दुरुस्त करके अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों का आगाज करने पर होंगी।

अक्टूबर में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में विफल रही भारतीय टीम ने पिछले महीने न्यूजीलैंड को घरेलू वनडे श्रृंखला में 2-1 से हराया। ऑस्ट्रेलिया की चुनौती हालांकि भारत के लिये हमेशा कठिन रही है जिसने यहां अब तक सोलह वनडे में से चार ही जीते हैं। पिछली बार 2021 में यहां तीन मैचों की श्रृंखला में आस्ट्रेलिया ने भारत को 2-1 से हराया था।

वहीं पिछले करीब 9 महीने से इस प्रारूप में नहीं खेली गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया की नजरें अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप से पहले खुद को आजमाने पर लगी होंगी। भारत की उम्मीदों का दारोमदार हालांकि अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पर रहेगा जिन्होंने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्णायक वनडे में शतक जमाकर भारत को जीत दिलाई। उन पर इस लय को कायम रखते हुए भारत को ठोस शुरुआत देने की जिम्मेदारी रहेगी। उन्होंने पिछले छह वनडे में सत्तर से ऊपर की औसत से 448 रन बनाए हैं।

दूसरी ओर आस्ट्रेलिया को कप्तान एलिसा हीली की कमी खलेगी जो घुटने की चोट के कारण बाहर हैं। यह श्रृंखला आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा है जिसमें आस्ट्रेलिया फिलहाल 18 में से 13 वनडे जीतकर पहले स्थान पर है। इस चैम्पियनशिप से मेजबान भारत के अलावा पांच टीमों को अगले साल होने वाले विश्व कप में स्वतः जगह मिलेगी। हीली की जगह क्वींसलैंड और सिडनी थंडर्स की बल्लेबाज जॉर्जिया वोल को पदार्पण का मौका दिया गया है। हरफनमौला ताहलिया मैक्ग्रा टीम की कमान संभालेंगी जिनके प्रदर्शन पर बहुत कुछ निभर करेगा।

मैकग्रा ने कहा, 'भारतीय टीम में कई बड़े खिलाड़ी है। उनके खिलाफ हर मुकाबला कड़ी टक्कर वाला होता है। मैच में कई अहम क्षण होते हैं। हमारे घरेलू मैचों में भी भारतीय टीम को दर्शकों का काफी समर्थन मिलता है।' भारतीय टीम को विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया की कमी खलेगी जो महिला बिग बैश लीग के दौरान मेलबर्न स्टार्स के लिये खेलते हुए कलाई की चोट का शिकार हो गई। उनकी जगह टीम में शामिल की गई युवा विकेटकीपर उमा छेत्री अपनी पहली वनडे श्रृंखला में छाप छोड़ना चाहेंगी।



**टीम**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, उमा छेत्री, हरलीन देयोल, रिचा घोष, तेजल हसबनिस, मिन्नू मनी, प्रिया मिश्रा, प्रिया पूनिया, अरूंधति रेड्डी, जेमिमा रौड्रिग्स, टिटास साधु, दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर, साइमा ठाकोर, राधा यादव।

**ऑस्ट्रेलिया:** ताहलिया मैकग्रा (कप्तान), एशले गार्डनर, डार्सी ब्राउन, किम गार्थ, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनु, बेथ मूनी, एलिसे पैरी, मेगान शट, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

# बुमराह का सामना करने तैयार हैं : कैरी

एडीलेड। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने कहा कि उनकी टीम छह दिसंबर से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कैरी ने कहा कि गुलाबी गेंद से खेले जाने वाले दिन–रात के इस मैच में बुमराह सहित अन्य भारतीय गेंदबाजों का सामना सामना करने वह बेहतर रणनीत के साथ उतरेंगे। बुमराह ने पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में आठ विकेट लेकर मेजबान टीम की बल्लेबाजों को ढ़हा दिया था। कैरी ने कहा,'' बुमराह निश्चित तौर पर शानदार गेंदबाज हैं और वह पिछले कई वर्षों से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है पर हमारे बल्लेबाज भी किसी भी आक्रामण का जवाब देने का तरीका खोज ही लेते हैं।'' उन्होंने कहा,''हमने उसकी गेंदबाजी का आंकलन किया है। उम्मीद है कि हम उसके पहले दूसरे स्पेल का सामना करने में सफल रहेंगे। हमने पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में देखा था कि किस तरह से ट्रैविस हेड ने उसे जवाब दिया था।'' उन्होंने कहा,''हमें अपने बल्लेबाजों पर पूरा भरोसा है। हम केवल बुमराह ही नहीं, उनके अन्य गेंदबाजों का सामना करने के लिए तरीका खोज लेंगे। भारतीय टीम पहले टेस्ट मैच में कुछ नए गेंदबाजों के साथ उतरी थी और उन्होंने भी अच्छी गेंदबाजी की थी।'' वहीं जोश हेज़लवुड के बल्लेबाजों को लेकर दिये बयान के बाद जहां टीम में दरार की बात की जा रही है वहीं कैरी ने इससे साफ इंकार करते हुए कहा कि ड्रेसिंग रूम में किसी तरह का कोई तनाव नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी बल्लेबाज बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं और मैदान पर उतरने के बाद उनका लक्ष्य शतक लगाना रहता है।



# यशस्वी जायसवाल वहीं खड़ा है जहां मैं 10 साल पहले था : केएल राहुल

एडीलेड। लोकेश राहुल को 22 वर्षीय यशस्वी जायसवाल में अपनी झलक दिखती है जो अपने पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उसी स्थिति में नजर आ रहे हैं जैसे वह 10 वर्ष पूर्व अपनी शुरुआती ऑस्ट्रेलिया दौरे पर थे। राहुल ने 2014–15 की श्रृंखला में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर पदार्पण करते हुए छठे नंबर पर बल्लेबाजी की थी और तीन तथा एक रन की पारी खेली थी। उन्होंने हालांकि अगले ही मैच में सलामी बल्लेबाज के रूप में जोरदार वापसी करते हुए सिडनी में 110 रन बनाकर सभी का ध्यान खींचा था। सिडनी में दूसरी पारी में राहुल नर्वस दिखे थे जहां उन्होंने मुरली विजय के साथ एक घंटा बल्लेबाजी करते हुए 16 रन बनाए थे। राहुल जायसवाल के साथ वही भूमिका निभाने की कोशिश कर रहे हैं जो पूर्व सलामी बल्लेबाज और राष्ट्रीय टीम के सीनियर साथी विजय ने उनके साथ निभाई थी। राहुल और जायसवाल ने पर्थ में पहले टेस्ट की दूसरी पारी में पारी का आगाज करते हुए 201 रन की साझेदारी की थी जो भारतीय रिकॉर्ड है। जायसवाल ने पर्थ में शतक जड़ा था जबकि राहुल ने 77 रन बनाए थे। जायसवाल के साथ अपनी बातचीत के बारे में पूछे जाने पर राहुल ने कहा, 'मैंने उसमें खुद को देखा, जैसा कि मैं 10 साल पहले था, पहली बार पारी का आगाज कर रहा था, बहुत सारे संदेह, बहुत सारी घबराहट और आप अपने खेल पर संदेह करते रहते हैं और आपके दिमाग में बहुत कुछ चलता रहता है और इसलिए आप बस इतना कर सकते हैं कि चीजों को धीमा करने की कोशिश करें, कुछ गहरी सांसें लेने की कोशिश करें।'



# वेस्टइंडीज में 15 साल बाद टेस्ट जीती बंगलादेश, यह क्रिकेटर बना हीरो

**किंग्स्टन (एजेंसी)।** तैजुल इस्लाम (5 विकेट), नाहिद राणा (5 विकेट) और जाकेर अली (91) रनों की शानदार पारी के दम पर बंगलादेश की टेस्ट टीम ने इतिहास रचते हुए 15 साल बाद वेस्टइंडीज को उसी के घर में दूसरे टेस्ट मैच में 101 रनों से शिकस्त दी है। इसी के साथ बंगलादेश ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है। टेस्ट में यह तीसरा बार है जब बंगलादेश ने वेस्टइंडीज को उसी के घर में हराया है। इससे पहले उसने 2009 में किंग्स्टन में 97 रनों तथा सेंट जॉर्ज में 4 विकेट से हराया था। बंगलादेश ने दूसरी पारी में जाकिर अली ने (91) की महत्वूपर्ण पारी की बदौलत वेस्टइंडीज के सामने 287 रन का लक्ष्य रखा।

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की ओर से केवल कावेम हॉज (55) और कप्तान क्रैग ब्रैथवेट (43) संघर्षपूर्ण पारी खेली। जस्टिन ग्रीव्स (20), केसी कार्टी (14) और जॉशुआ डासिल्वा (12) रन बनाए। बंगलादेश के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के 6 बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बंगलादेश के गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज की पूरी टीम 50 ओवर में 185 रनों पर समेट कर 101 रनों से मुकाबला जीत लिया। बंगलादेश की ओर से तैजुल इस्लाम ने 5 विकेट लिए। हसन महमूद और तसकीन अहमद को 2-2 विकेट मिले। नाहिद राणा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। तैजुल इस्लाम को शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया%।

तैजुल इस्लाम ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में एक विकेट और दूसरी पारी में 5 विकेट झटकते हुए कुल 6 विकेट लिए। इससे पहले बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 71.5 ओवर में 164 रन ही बना सकी थी। बंगलादेश के लिए पहली पारी में शादमान इस्लाम (64) शहादत हुसैन दीपू (22), कप्तान मेहदी हसन मिराज (36), महमूदुल हसन जॉय (3), लिटन दास (एक) और जेकर अली (एक) रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज की ओर जेडेन सील्स ने 4 और शमार जोसेफ ने 3 विकेट लिए। केमार रोच को 2 विकेट मिले।

अल्जारी जोसेफ ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को नाहिद राणा (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश ने 65 ओवर में 146 रन पर ढेर कर दिया। वेस्टइंडीज के लिए क्रेग ब्रैथवेट (39), केसी कार्टी (40), मिकाइल लुईस (12) रनों की पारी खेली। 8 बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बंगलादेश की ओर से नाहिद राणा ने पांच विकेट लिए। हसन महमूद को 2 विकेट मिले। तसकीन अहमद, तैजुल इस्लाम और मेहदी हसन मिराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

बंगलादेश ने दूसरी पारी में जाकेर अली (91),शादमान इस्लाम (46), कप्तान मेहदी हसन मिराज (42), शहादत हुसैन (28), लिटन कुमार दास (25) और तैजुल इस्लाम (14) के योगदान से 268 रन बनाये और पहली पारी में मिली बढ़त के साथ वेस्टइंडीज को 287 रन का लक्ष्य दिया। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ और केमार रोच ने तीन-तीन विकेट लिए। शमार जोसेफ ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। जेडेन सील्स और जस्टिन ग्रीव्स को एक-एक विकेट मिला था।



# अल–साद ने अल–नासर को हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल के प्लेऑफ में प्रवेश किया

दोहा। कतर के क्लब अल–साद ने सऊदी अरब के क्लब अल–नासर को 2–1 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल फुटबॉल टूर्नामेंट के प्लेऑफ में प्रवेश किया। ये जीत अल–साद के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि इस मैच में उसके स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डों शामिल नहीं थे। रोनाल्डो को इस मैच में आराम दिया गया था। अल–साद ने हाफ टाइम के 8 मिनट बाद अकरम अफीफ के गोल से 1–0 की बढ़त हासिल की। वहीं खेल समाप्त होने के कुछ मिनट पहले ही अल–नासर के रोमेन सैस ने एक गोल दागकर स्कोर 1–1 से बराबरी पर ला दिया। अल–साद टीम को इंजरी टाइम में पेनल्टी मिली जिसपर के एडम ओनास ने गोल कर उसकी बढ़त 2–1 कर दी। इस जीत से उत्साहित अल–साद के कोच फेलिक्स सांचेज़ ने कहा कि, ये एक मुश्किल मुकाबला था। हमने अल–नासर को गोल रोकने के लिए और उनके घरेलू स्टेडियम में जीत हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की। इस दौरान सभी खिलाड़ियों ने एकजुट होकर प्रयास किये। गौरतलब है कि ईरान के एस्टेघलाल क्लब द्वारा साऊदी अरब को 2–2 से बराबरी पर रखने के बाद अल अहली क्लब पहले स्थान पर था। जेद्दा में अल अहली के लिए दोनों गोल इवान टोनी ने किए। वहीं राफेल सिल्वा ने 42 मिनट के बाद ईरान टीम के लिए गोल किया पर टोनी ने एक गोल दागकर स्कोर 1–1 से बराबर कर दिया। मोहम्मद होसैन एल्सामी ने एक बार फिर गोल कर एस्टेघलाल को बराबरी पर ला दिया।

# विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए अभी किसी टीम का स्थान पक्का नहीं हुआ

मुम्बई। आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल के लिए अभी 15 मैच बाकी हैं पर किसी भी टीम की जगह अभी पक्की नहीं हुई है। न्यूजीलैंड की इंग्लैंड के खिलाफ हार के बाद जहां एक प्रकार से फाइनल की रेस से वह बाहर हो गयी है। वहीं भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका की टीमें रेस में बनी हुई हैं। इंग्लैंड ओर न्यूजीलैंड टेस्ट तक के अंकों के आधार पर अंतिम दो स्थानों के लिए अभी भी 6 टीमें रेस में बनी हुई हैं। हालांकि टूर्नामेंट के दौरान अंकों पर टीमों की संभावना को नुकसान भी पहुंचा सकती है। चैम्पियनशिप की शुरुआत टीमों के साथ हुई थी, जिनमें से बांग्लादेश, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड बाहर हो गयी हैं। इन दिनों वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के बीच आपसी श्रृंखला खेली जा रही है, लेकिन उसके नतीजे का असर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की अंक तालिका पर नहीं पड़ेगा।

**भारत** – ऑस्ट्रेलिया से अगर भारतीय टीम तीन मैच जीतती है तो भारतीय टीम का जीत प्रतिशत 62.28 हो जाएगा और सिर्फ दक्षिण अफ्रीका आगे निकलने की स्थिति में रहेगा। यदि टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया से 2–3 से हारती भी है, तो भी लगातार तीसरे फाइनल का मौका बन सकता है। इसके लिए उसे न्यूजीलैंड–इंग्लैंड, अफ्रीका–श्रीलंका और अफ्रीका–पाक सीरीज 1–1 से ड्रॉ होनी चाहिए तथा दुआ करनी होगी कि ऑस्ट्रेलिया–श्रीलंका के बीच दो मैचों की सीरीज 0–0 पर खत्म हो।

**दक्षिण अफ्रीका** – श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट की सीरीज के पहले मैच में मिली जीत से अफ्रीका ने फाइनल की ओर एक और कदम बढ़ा दिया है। अफ्रीकी टीम के तीन मैच बचे हैं। इन सभी को जीतकर टीम निश्चित रूप से फाइनल में होगी। वहीं अफ्रीकी टीम अगर एक मैच भी हार जाती है तो 61.11 प्रतिशत अंक तक पहुंच सकेगी और फाइनल के लिए अन्य टीमों पर निर्भर हो जाएगी। इतने अंकों पर ऑस्ट्रेलिया, भारत और श्रीलंका के पास उससे आगे निकलने का मौका रहेगा।

**ऑस्ट्रेलिया**– ऑस्ट्रेलिया को अपने बल पर फाइनल में पहुंचने के लिए बचे 6 मैचों में कम से कम 4 जीत और 1 ड्रॉ चाहिए। ऐसा होने पर सिर्फ दक्षिण अफ्रीका उससे आगे जा सकता है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया अगर भारत के खिलाफ 2–3 से हारता भी है, तो श्रीलंका को 2–0 से स्वीप कर फाइनल में पहुंच सकता है। इस स्थिति में ऑस्ट्रेलिया भारत के 58.77 अंक से आगे 60.53 पर समाप्ति करेगा। यहां अब उसे केवल दक्षिण अफ्रीका पछाड़ सकता है।

**श्रीलंका**– श्रीलंका भी दक्षिण अफ्रीका जैसी स्थिति में है। उसके तीन मैच बचे हैं और ये सभी जीतकर टीम 61.54प्र. अंकों के साथ फाइनल में पहुंच सकती है। इस स्तर पर भारत या ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक ही उससे आगे निकलने की स्थिति में होगा। वहीं एक मैच भी हारे तो चार अन्य टीम आगे निकल सकेंगी।

# टी20 में मोहित अहलावत के नाम है तिहरे शतक का रिकार्ड

नई दिल्ली। युवा बल्लेबाज मोहित अहलावत के नाम टी20 क्रिकेट में तिहरे शतक का रिकार्ड है। मोहित ने दिल्ली के स्थानीय टूर्नामेंट फ्रेंड्स प्रीमियर लीग में मावी इलेवन की ओर से फ्रेंड्स इलेवन के खिलाफ 302 रन की नाबाद पारी खेली थी। मोहित ने इस मुकाबले में 39 छक्के लगाये। इससे पहले टी20 की एक पारी में किसी टीम के लिए सबसे ज्यादा छक्के 21 थे। ट्वेंटी20 के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के की बात करें तो रिकॉर्ड 34 छक्कों का था। अहलावत ने सभी को पीछे छोड़ दिया। मोहित की इस पारी से मावी इलेवन ने दो विकेट पर 416 रन बनाये। यह किसी भी ट्वेंटी20 मैच में एक रिकॉर्ड है। मावी इलेवन की ओर से पारी की शुरुआत करने उतरे मोहित अहलावत ने इस मैच में 234 रन बनाये। मोहित के तिहरे शतक की सहायता से मावी इलेवन ने 20 ओवरो में 416 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी फ्रेंड्स इलेवन 216 रन से हार गयी। इससे पहले ट्वेंटी20 में सबसे बड़ा टीम स्कोर 263/5 था जो रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 2013 आईपीएल में सहारा पुणे वॉरियर्स के खिलाफ बनाया था। वहीं एक बल्लेबाज का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर 175 रन जो क्रिस गेल ने बनाया था। मोहित दिल्ली की तरफ से खेलते हैं।

# ऋषभ पंत ने टेस्ट क्रिकेट को ऐसे अपनाया जैसे 'बत्तख पानी पर तैरती' है : राहुल द्रविड़

**मुंबई (एजेंसी)** पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का मानना है कि भारतीय क्रिकेट टीम में महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास से पैदा हुई कमी को ऋषभ पंत ने तुरंत भर दिया जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट को ऐसे अपनाया जैसे 'बत्तख पानी पर तैरती' है। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज पंत ने गाबा में चौथे टेस्ट में 89 रन की मैच विजयी पारी खेली और श्रृंखला में 274 रन बनाकर 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत की 2-1 की जीत में अहम भूमिका निभाई।

द्रविड़ ने कहा, 'धोनी के जाने के बाद आपको लगा होगा कि शायद किसी को भी उसकी जगह लेने में समय लगेगा। मैं यह नहीं कह रहा कि उसने उनकी जगह ले ली है लेकिन निश्चित रूप से टेस्ट क्रिकेट में उसका प्रदर्शन शानदार रहा है, अविश्वसनीय प्रदर्शन।' भारत के पूर्व कप्तान और कोच ने कहा, 'पंत को गाबा में उस टेस्ट मैच को जीतने के लिए 89 रन बनाते हुए देखना, जब सब कुछ दांव पर लगा हुआ था और टीम इतनी कमजोर थी, उस तरह के दबाव में उस तरह का प्रदर्शन करना - बेहद शानदार... वह कितने विशेष क्रिकेटर हैं। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को पानी में बत्तख की तरह अपनाया है। यह बस अभूतपूर्व है।'

उस दौरे पर पंत ने पांच पारियों में दो अर्धशतक की मदद से 68.50 की औसत से रन बनाए और भारत ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो टेस्ट श्रृंखला जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनी। भारत ने पर्थ में पहला टेस्ट 295 रन से जीतकर मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में भी 1-0 की बढ़त बना ली है। भारत ने पिछले कुछ समय में ऑस्ट्रेलिया पर दबदबा बनाया है लेकिन 2003 में एडीलेड में द्रविड़ की 233 रन की पारी प्रशंसकों की पसंदीदा है। इस पारी के संदर्भ में द्रविड़ ने स्वीकार किया कि उन्हें अब भी श्रृंखला नहीं जीत पाने का मलाल है।

द्रविड़ ने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो श्रृंखला में जिस तरह का प्रदर्शन किया है - वहां श्रृंखला जीतना बहुत मायने रखता है। मेरा या भारत का प्रदर्शन चाहे कितना भी शानदार रहा हो, हम श्रृंखला नहीं जीत पाए। हम करीब पहुंच गए थे लेकिन सिडनी में अंतिम दिन हमें वो विकेट नहीं मिल पाए जिनकी हमें जरूरत थी।' इस 51 वर्षीय खिलाड़ी ने उस घटना को याद किया जिसमें उन्होंने गलती से अपने कप्तान सौरव गांगुली को रन आउट कर दिया था। द्रविड़ ने स्वीकार किया कि यह 'गलती' उनकी थी। उन्होंने कहा, 'मैं सोच रहा था कि मैंने कप्तान को रन आउट करवा दिया है। मुझे कुछ सार्थक करना चाहिए। सौरव को रन आउट करवाना पूरी तरह से मेरी गलती थी। मैं इसे स्वीकार करता हूं - यह मेरी गलती थी।' द्रविड़ ने कहा, 'लेकिन मुझे लगता है कि आप सिर्फ बल्लेबाजी करने की कोशिश कर रहे हैं, आप सिर्फ साझेदारी बनाने की कोशिश कर रहे हैं, आप सिर्फ लक्ष्य तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं।'



## संक्षिप्त समाचार

### बाइडेन ने विदाई से पहले भारत के साथ जबरदस्त रक्षा डील को दी मंजूरी


**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने सोमवार को कांग्रेस (अमेरिका की संसद) को अधिसूचित किया कि उसने 'एमएच-60आर मल्टी-मिशन हेलीकॉप्टर इक्यूपमेंट और संबंधित उपकरणों की बिक्री को मंजूरी देने का फैसला किया है



जिसकी अनुमानित लागत 1.17 अरब अमेरीकी डॉलर है। रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने 'कांग्रेस को एक अधिसूचना में बताया कि उपकरणों की बिक्री की प्रस्तावित योजना, भारत की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं का उन्नयन कर वर्तमान और भविष्य के खतरों को रोकने की क्षमता में सुधार करेगी। बाइडेन प्रशासन ने भारत को प्रमुख रक्षा उपकरणों की बिक्री की मंजूरी अपने चार साल के कार्यकाल के पूरा होने से कुछ सप्ताह पहले दी है। पांच नवंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। अधिसूचना के अनुसार, भारत ने 30 'मल्टीफंक्शनल इन्फॉर्मेशन डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम-जॉइंट टेक्टिकल रेडियो सिस्टम्स (एमआईडीएस-जेटीआरएस) खरीदने का प्रस्ताव रखा है। इस बिक्री में मुख्य रूप से अनुबंध 'लॉकहीड मार्टिन रोटरी और मिशन सिस्टम के साथ होगा। इसमें कहा गया है कि इसके कार्यान्वयन के वास्ते तकनीकी सहायता और प्रबंधन निरीक्षण के लिए अस्थायी आधार पर अमेरिका की सरकार 20 या अनुबंध में शामिल कंपनियों के 25 प्रतिनिधियों की भारत की यात्रा की जरूरत होगी।

### इमरान खान, उनकी पत्नी और 94 अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की



आतंकवाद निरोधक अदालत ने इमरान खान की पार्टी के समर्थकों द्वारा पिछले सप्ताह इस्लामाबाद में किए गए प्रदर्शन से संबंधित एक मामले में पूर्व प्रधानमंत्री खान, उनकी पत्नी बुशरा बीबी, खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और 93 अन्य के खिलाफ सोमवार को गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। 'पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने 24 नवंबर को देशव्यापी प्रदर्शन के लिए ''अंतिम आह्वान किया था जिसमें उनकी और अन्य नेताओं को रिहा करने, आठ फरवरी के चुनावों में पीटीआई की जीत को मान्यता देने के अलावा 26वें संविधान संशोधन को निरस्त करने की मांग की गई थी। 26वें संविधान संशोधन ने न्यायाधीशों और मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया को बदल दिया था। इस्लामाबाद पुलिस ने इस्लामाबाद स्थित आतंकवाद निरोधक अदालत (एटीसी) में 96 संदिग्धों की सूची सौंपी, जिसमें पार्टी के प्रमुख नेताओं जैसे इमरान खान, बुशरा बीबी, गंडापुर, पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी, नेशनल असेंबली के पूर्व अध्यक्ष असद कैसर, पार्टी अध्यक्ष गौहर खान, नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब खान और कई अन्य नेताओं के नाम शामिल था। इस्लामाबाद पुलिस ने अदालत से इन सभी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का अनुरोध किया था।

### पाकिस्तान में खिलौना बम फटने से 2 सगे भाइयों समेत तीन बच्चों की मौत

**पेशावर, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सोमवार को खिलौना बम फटने से दो सगे भाइयों समेत कम से कम तीन बच्चों की मौत हो गई। यह घटना बन्नू के वजीर उपखंड के जानी खेल इलाके में हुई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बच्चे मदरसे से घर लौट रहे थे तभी मोर्टार के खोल में विस्फोट हुआ और दो भाइयों समेत तीन छात्रों की मौत हो गई। मोर्टार का खोल एक सुनसान इलाके में पड़ा था। बच्चों ने इसे खिलौना समझकर उठा लिया, जिससे भीषण धमाका हुआ। पूर्व में भी कई बच्चे इस तरह के ''खिलौनों से खेलते समय अपनी जान गंवा चुके हैं। ये 'खिलौने जांच में विस्फोटक उपकरण निकले। इस तरह की घटनाएं ज्यादातर उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में ही सामने आती रही हैं। सोवियत सेना द्वारा 1980 के दशक में पड़ोसी अफगानिस्तान में उनके आक्रमण का विरोध करने वाले लोगों के खिलाफ हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए ''खिलौना बम गिराए गए थे।

### इजराइल में मस्जिदों से स्पीकर हटाए जाएंगे-पुलिस को स्पीकर जब्त करने का आदेश

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल में मस्जिदों में स्पीकर से अजान पर रोक लगा दी गई है। रक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर ने पुलिस को मस्जिदों में लगे स्पीकर जब्त करने और शोर करने पर जुर्माना लगाने का आदेश दिया है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, पूर्वी यरुशलम और कई दूसरे इलाकों में मस्जिदों से आने वाले तेज शोर की शिकायत की गई है। स्पीकर बैन की मांग करने वालों का कहना है कि इसकी तेज आवाज से सुबह की नींद में खलल पड़ता है। बेन ग्विर ने पुलिस कमांडरों से कहा- वह जल्द एक बिल पेश करेंगे जो शोर मचाने वाली मस्जिदों पर जुर्माना बढ़ाया जाएगा। कुछ शहरों के मेयर ने कहा- हम बेन ग्विर के इस कदम को मुस्लिमों के खिलाफ उकसावे की कार्रवाई के तौर पर देखते हैं, इससे दंगे फैल सकते हैं।

# चीन की सेना को खोखला कर रहा भ्रष्टाचार ! शी जिनपिंग भी परेशान

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन की सेना में इन दिनों खलबली मची हुई है। यहां एक के बाद एक भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आए हैं और कई बड़े अधिकारियों पर भी गाज गिरी है। फिलहाल चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपने सैन्य नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखे हुए हैं। इसी क्रम में उन्होंने एक और बड़े अधिकारी पर शिकंजा कसा है। हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) के सदस्य और राजनीतिक कार्य विभाग के प्रमुख एडमिरल मियाओ हुआ को अनुशासनहीनता के गंभीर आरोपों के चलते निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। चीन में यह शब्द आमतौर पर भ्रष्टाचार के मामलों के लिए प्रयोग किया जाता है।

**मियाओ को हाल ही में लिया गया था हिरासत में :** रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू क्यान ने बताया कि मियाओ की उम्र 69 वर्ष है और वह शी जिनपिंग के करीबी माने जाते हैं। उन्होंने 1990 और 2000 के दशक की शुरुआत में फुजियान प्रांत में एक राजनीतिक अधिकारी के रूप में कार्य किया था, जब शी वहां स्थानीय अधिकारी थे। मियाओ को कथित तौर पर नौ नवंबर को हिरासत में लिया गया था।

**पीएलए में भ्रष्टाचार के खिलाफ व्यापक अभियान :** पिछले वर्ष से, शी



जिनपिंग ने चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) में भ्रष्टाचार के खिलाफ व्यापक अभियान छेड़ा है। उनके निशाने पर विशेष रूप से रॉकेट फोर्स है, जो चीन के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को संभालती है। इस दौरान कई उच्च रैंक के जनरलों को उनके पदों से हटा दिया गया, जिनमें पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफु और वेई फेंघे शामिल हैं। दोनों को जून में पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।

**पीएलए नेताओं के लिए एक बड़ी नाकामयाबी :** एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट के राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञ लाइल मॉरिस ने कहा, अक्तूबर 2022 में 20वीं पार्टी कांग्रेस में छह सदस्यीय सीएमसी की घोषणा की गई थी। बाद में दो लोगों ली शांगफू और मियाओ हुआ को जांच के दायरे में रखा गया। यह अकेले ही शी के सबसे भरोसेमंद पीएलए नेताओं के लिए एक बड़ी नाकामयाबी है। उन्होंने कहा कि मियाओ ने नौसेना की वर्दी पहनी हुई थी, लेकिन उनकी पृष्ठभूमि मुख्य रूप से ताइवान का सामना करने वाली जमीनी सेना में थी। वास्तव में, फुजियान प्रांत में उनकी पोस्टिंग शी के प्रशासनिक समय के साथ मेल खाती थी। शी के एक शिष्य होने के नाते, उन्हें दिसंबर 2014 में पीएलए नेवी (पीएलएएन) में स्थानांतरित होने और इसका राजनीतिक आयुक्त बनने की अनुमति मिली। उनकी गैर-पारंपरिक क्रॉस-सेवा पुनः नियुक्तियां शी के स्थापित नेटवर्क को दरकिनार करने और व्यक्तिगत वफादारी विकसित करने के प्रयास के पैटर्न को दर्शाती हैं। इतना ही नहीं, शी के सत्ता में आने के बाद से मियाओ सातवें सीएमसी सदस्य बने। शी ने व्यक्तिगत रूप से 31 जुलाई 2015 को उन्हें पूर्ण एडमिरल के पद पर पदोन्नत किया और अक्तूबर 2017 में उन्हें सीएमसी में पदोन्नत किया।

**शी जिनपिंग का सैन्य सुधार अभियान :** शी जिनपिंग का उद्देश्य चीन की सेना को विश्व-स्तरीय बनाने का है, जिसके तहत उन्होंने सेना की युद्ध क्षमता और क्षेत्रीय दावों की रक्षा को मजबूत करने के लिए अरबों डॉलर का निवेश किया है। इसके बावजूद, पीएलए में भ्रष्टाचार की गहरी जड़ें शी जिनपिंग के सैन्य सुधार अभियान को चुनौती दे रही हैं। लाइल मॉरिस ने कहा, चीन की सेना में भ्रष्टाचार केवल कुछ अधिकारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरी प्रणाली में गहराई से समाया हुआ है। यह समस्या शी जिनपिंग और उनके उत्तराधिकारियों के लिए आने वाले वर्षों में भी चुनौती बनी रहेगी। यह घटनाक्रम तब हो रहा है, जब शी जिनपिंग अपनी सेना को अत्याधुनिक और लड़ाई के लिए तैयार बनाने के अपने मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं।

**क्या बोले वुथनो :** अमेरिका में नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी में इंस्टीट्यूट फॉर नेशनल स्ट्रैटेजिक स्टडीज के जोएल वुथनो ने बताया, मियाओ हुआ को हटाना एक बड़ी बात है, क्योंकि वह अंतिम अंदरूनी व्यक्ति थे। किसी को यह भी सोचना होगा कि इसमें से कितना वित्तीय भ्रष्टाचार के बारे में है, और कितना पीएलए में अनियंत्रित शक्ति केंद्रों के उभरने की चिंताओं के बारे में है। दरअसल, भ्रष्टाचार के आरोपों में कई तरह के पाप शामिल हो सकते हैं, जैसे कि शी के राजनीतिक एजेंडे को कमजोर करना, गुट बनाना, शी के निर्देशों को पूरी तरह से लागू नहीं करना, या यहां तक कि शी की राजनीतिक सुरक्षा को भी खतरे में डालना। मियाओ के वास्तविक अपराध से कोई फर्क नहीं पड़ता, चीन की आर्थिक दुर्दशा के बिगड़ने के साथ शी तेजी से बौखलाए दिख रहे हैं। मियाओ के निलंबित होने के साथ, सीएमसी में केवल पांच लोग रह गए हैं, जिसमें शी इसके अध्यक्ष भी शामिल हैं।

## बांग्लादेश हाई कोर्ट में भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने की मांग



**ढाका, एजेंसी।** ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की गई है. इस याचिका में बांग्लादेशी संस्कृति और समाज पर भारतीय मीडिया के प्रभाव पर बढ़ती चिंताओं का हवाला देते हुए देश में भारतीय टीवी चैनलों के प्रसारण पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है. सोमवार को याचिका दायर करने वाले वकील एखलास उद्दीन भुइयां ने भारतीय टीवी चैनलों के प्रसारण पर रोक लगाने के लिए केबल टेलीविजन नेटवर्क ऑपरेशन एक्ट 2006 के तहत निर्देश देने की मांग की है.

ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, इसमें यह भी पूछा गया है कि बांग्लादेश में भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश देने वाला नियम क्यों नहीं जारी किया जाना चाहिए. न्यायमूर्ति फातिमा नजीब और न्यायमूर्ति सिकदर महमूदुर रजी की उच्च न्यायालय की पीठ में आवेदन पर सुनवाई हो सकती है. याचिका में सूचना मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सचिव, बांग्लादेश दूरसंचार नियामक आयोग (बीटीआरसी) और अन्य को प्रतिवादी बनाया गया है. ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, याचिका में स्टार जलसा, स्टार प्लस, जी बांग्ला, रिपब्लिक बांग्ला और अन्य सभी भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है. याचिका में आरोप लगाया गया है कि भारतीय चैनलों पर भड़काऊ खबरें प्रसारित की जा रही हैं. बांग्लादेशी संस्कृति का विरोध करने वाली सामग्री का अनियंत्रित प्रसारण युवाओं को बर्बाद कर रहा है. इसके अलावा, यह आरोप लगाया गया है कि ये चैनल किसी भी नियमन का पालन किए बिना काम करते हैं. उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समूहों के खिलाफ हिंसक हमलों में वृद्धि देखी गई है, जिससे अधिक सुरक्षा और समर्थन की मांग की जा रही है।

## बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ वैश्विक स्तर पर विरोध तेज, कनाडा में सड़कों पर प्रदर्शन

**टोरंटो, एजेंसी।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और पुजारियों की गिरफ्तारी के विरोध की लहर अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फैल रही है। इस्कॉन (अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण चेतना सोसायटी) ने बताया कि रविवार को दुनिया के 1000 से अधिक मंदिरों में बांग्लादेश में शांति और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं। कनाडा में बसे बांग्लादेशी हिंदुओं ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया और सरकार से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए दबाव बनाने की अपील की। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं के सम्मान और सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की। बांग्लादेश प्रशासन ने इस्कॉन से जुड़े चिन्मय दास प्रभु को राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया। इसके बाद तीन अन्य हिंदू पुजारियों को भी हिरासत में लिया गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, इन पुजारियों को दवाएं उपलब्ध कराने तक पर रोक लगा दी गई है। बांग्लादेश सरकार ने इस्कॉन के 63 ब्रह्मचारियों को वैध भारतीय वीजा और दस्तावेज होने के बावजूद भारत में प्रवेश करने से रोक दिया। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि बांग्लादेशी सीमा पुलिस ने खुफिया विभाग के निर्देशों का हवाला देकर इन्हें रोका।

# अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा हिजबुल्ला, संघर्ष विराम समझौते का किया उल्लंघन

**यरुशलम, एजेंसी।** बीते एक साल से ज्यादा समय से इस्राइल और हमास के बीच जंग जारी हैं। वहीं, इस युद्ध की लपटें लेबनान और ईरान तक पहुंच चुकी हैं। हालांकि, शांति की एक पहल के रूप में इस्राइल और लेबनान ने शुरुआती दो महीने के लिए 27 नवंबर को संघर्ष विराम समझौते पर मुहर लगाई थी। मगर इस बीच, हिजबुल्ला और इस्राइल के बीच फिर तनातनी दिखी। दरअसल, इस्राइल का दावा है कि हिजबुल्ला ने संघर्ष विराम समझौते का उल्लघंन किया है। साथ ही चेतावनी दी है कि वह भी अपने नागरिकों की रक्षा के लिए काम करना जारी रखेगा।

**इस्राइल ने दिया हिजबुल्ला को मुंह तोड़ जवाब :** इस्राइली रक्षा बलों ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, इस्राइल की वायुसेना ने थोड़ी देर पहले लेबनान में हिजबुल्ला के आतंकवादियों, दर्जनों लांचरों और आतंकवादी बुनियादी ढांचे को मार गिराया। इसके अलावा, माउंट डोव की ओर दो प्रोजेक्टाइल हमले करने के तुरंत बाद वायुसेना ने दक्षिणी लेबनान के बरघोज क्षेत्र में हिजबुल्ला के लॉन्चर पर हमला किया।

**संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन :** उसने आगे कहा, हिजबुल्ला का आज रात का हमला इस्राइल और लेबनान के बीच संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन है। इस्राइल मांग करता है कि लेबनान में संबंधित पक्ष अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करें और लेबनानी क्षेत्र के भीतर से हिजबुल्ला की शत्रुतापूर्ण गतिविधि को रोकें। इस्राइल लेबनान



में युद्धविराम समझौते की शर्तों को पूरा करने के लिए बाध्य है। साथ ही चेतावनी देते हुए इस्राइली रक्षा बलों ने कहा, आईडीएफ जहां भी जरूरी होगा संचालन जारी रखने के लिए तैयार है और इस्राइल के नागरिकों की रक्षा के लिए काम करना जारी रखेगा।

**इस्राइल के युद्धविराम उल्लंघन का जवाब-हिजबुल्ला :** इससे पहले, हिजबुल्ला ने सोमवार को कब्जे वाले शेबा फार्म्स पर दो मिसाइलें दागी थीं। बीते बुधवार को युद्धविराम समझौता लागू होने के बाद हिजबुल्ला का यह पहला हमला था। इस्राइली सेना ने कहा था कि ये मिसाइलें खुले इलाकों में गिरीं और किसी को नुकसान नहीं हुआ। वहीं, हिजबुल्ला ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा था कि यह हमला इस्राइल द्वारा बार-बार युद्धविराम उल्लंघन का जवाब था। लेबनान ने इस्राइल पर पिछले छह दिनों में 50 से अधिक बार संघर्ष विराम का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। हिजबुल्ला ने कहा था कि इस्राइल के संघर्ष विराम उल्लंघनों ने कई रूप ले लिए हैं, जिनमें नागरिकों के खिलाफ गोलीबारी और लेबनान के विभिन्न क्षेत्रों पर हवाई हमले शामिल हैं। इन हमलों के परिणामस्वरूप कई नागरिक मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

# अमेरिका में भारतीय मूल के फोटोग्राफर पर नस्लीय हमला

### एलए एयरपोर्ट पर महिला ने भारतीयों को पागल कहा, एयरलाइन्स ने नो-फ्लाई लिस्ट में डाला

**लॉस एंजिल्स, एजेंसी।** लॉस एंजिल्स एयरपोर्ट पर शटल बस में भारतीय मूल के अमेरिकी फोटोग्राफर परवेज तौफीक और उनके परिवार पर नस्लीय हमला किया गया। एक महिला ने तौफीक के परिवार पर नस्लीय टिप्पणी करते हुए कहा- तुम्हारा परिवार भारत से है, तुम्हें रूल्स की कोई इज्जत नहीं है... भारतीय पागल हैं। महिला की इस हरकत पर यूनाइटेड एयरलाइन्स ने उसे नो-फ्लाई लिस्ट में डाल दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। मामले की शुरुआत तब हुई जब महिला ने तौफीक के बेटे पर नस्लीय टिप्पणी करना शुरू कर दिया। तौफीक ने जैसे ही इसका वीडियो बनाना शुरू किया तो महिला ने मिडिल फिंगर दिखाते हुए चिल्लाना शुरू कर दिया। महिला ने कहा- तुम्हारा परिवार भारत से है, तुम्हें रूल्स की कोई इज्जत नहीं है, तुम्हें लगता है कि तुम हर किसी को धक्का दे सकते हो। तुम लोग पागल हो। खुद को ही पीड़ित बताने लगी महिला मामला बिगड़ता देख जब सिक्योरिटी गार्ड्स को बुलाया गया तो महिला खुद को ही पीड़ित बताने लगी। महिला ने कहा- वह (एयरलाइन कर्मचारी)



इस बात की परवाह नहीं करती कि मैं नस्लवादी हूं, तुम मेरे लिए नस्लवादी हो, मैं अमेरिकन हूं। तौफीक ने कहा- हम भी अमेरिकन ही हैं। जवाब में महिला कहा- तुम अमेरिकी नहीं हो। ओरिजिनली नहीं। तुम भारत से हो। हालांकि, दूसरे पैसेंजर्स फोटोग्राफर का सपोर्ट किया। तौफीक ने घटना का वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा- इस वक्त मेरा खून खौल रहा है। मैं इस पर यकीन भी नहीं कर सकता। वह मेरे बच्चों को चुप रहने के लिए कह रही थी, और मैं अपना आपा खो बैठा। मैंने कहा- तुम्हें मेरे बच्चों से इस तरह बात करने का हक नहीं है। अमेरिका में भारतीय के खिलाफ नस्लीय हिंसा बढ़ी अमेरिका में पिछले कुछ वक्त से भारतीयों के खिलाफ नस्लीय हिंसा में बढ़ोतरी देखी गई है। साल 2024 के शुरुआती तीन महीनों में ही भारतीय छात्रों की हत्या का आंकड़ा दहाई को पार कर गया था। कंजर्वेटिव पार्टी ने इसे लेकर अमेरिकी संसद में सवाल भी पूछा था। जिसके जवाब में व्हाइट हाउस की तरफ से जारी बयान में इस तरह के मामले को लेकर जीरो टॉलरेंस की बात कही गई थी। इंडो-अमेरिकी डेमोक्रेट लीडर और कांग्रेस मैन श्री थानेदार ने हिंदूफोबिया के खिलाफ लड़ने की बात कही थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिका में घृणा के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए

## ट्रम्प ने हमास को धमकी दी-कहा- 20 जनवरी तक बंधकों को रिहा करो, नहीं तो गंभीर नतीजे भुगतने होंगे

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रंप ने मध्य पूर्व में चल रहे बंधक संकट के बारे में हमास को एक कड़ी चेतावनी जारी की है. उन्होंने कहा है कि यदि नियत समय से पहले बंधकों को रिहा नहीं किया गया तो मध्य पूर्व के कई देश नरक में बदल जायेंगे. ट्रम्प ने अपनी बात कहने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल का इस्तेमाल किया है. ट्रंप ने कहा कि कृपया इस सच्चाई को सभी लोग जान लें कि यदि 20 जनवरी तक बंधकों को रिहा नहीं किया गया. तो फिलिस्तिन के समर्थक मध्यपूर्व देशों को नरक बनते देर नहीं लगेगी. बता दें कि 20 जनवरी को ट्रंप अमेरिका के नये राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेंगे. यह बतौर राष्ट्रपति उनका दूसरा कार्यकाल होगा. ट्रंप ने इस मामले पर पिछली बातचीत में कहा कहा था कि हर मुद्दे पर वार्ता करने की बात हो रही है, लेकिन कोई भी मजबूत ढंग से बंधकों की रिहाई की बात नहीं कर रहा है. उनके लिए कोई कार्रवाई नहीं हो रही है. यह बहुत ही हिंसक बात है. उन्होंने कहा कि हर कोई उन बंधकों के बारे में बात कर रहा है, लेकिन सिर्फ बातें ही हो रही हैं. कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है. ट्रंप ने कसम खाई कि बंधक बनाने वाले लोग अमेरिका की ओर से विदेशी संस्थाओं के खिलाफ की गई किसी भी कार्रवाई से अधिक भीषण कार्रवाई का सामना करेंगे. उन्होंने कहा कि उन जिम्मेदार लोगों को अमेरिका के लंबे और संग्रहीत इतिहास में अबतक के सबसे भीषण हमलों का सामना करन पड़ेगा. 7 अक्टूबर को, हमास ने इजराइल पर एक आतंकी हमला किया, जिसमें 1,200 से अधिक लोग मारे गए और 250 से अधिक बंधकों को लिया. उनमें से लगभग 100 अभी भी कैद में हैं, और कई लोगों को मृत होने की आशंका है. जवाब में, इजराइल ने गाजा में हमास इकाइयों को एक मजबूत जवाबी लक्ष्य लॉन्च किया. हालांकि, इजरायल के ऑपरेशन के परिणामस्वरूप, गाजा में 45,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है. इस हफ्ते पेरिस जाएंगे ट्रम्प ट्रम्प इस हफ्ते के अंत में पेरिस जाने की योजना बना रहे हैं। वहां वे 7 दिसंबर को नोट्रे डेम कैथेड्रल चर्च के पुनः उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनेंगे। राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद यह ट्रम्प की पहली विदेश यात्रा होगी। फ्रांस सरकार ने ट्रम्प को उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए न्योता भेजा था। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प की टीम इस यात्रा को लेकर फ्रांसीसी अधिकारियों से कई दिनों से बात कर रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक न्योता मिलते ही ट्रम्प तुरंत फ्रांस जाने के लिए तैयार हो गए। ट्रम्प को नोट्रे डेम कैथेड्रल से काफी लगाव है। अप्रैल, 2019 में जब यहां आग लगी थी तो ट्रम्प ने इसपर दुख जताया था। इस समारोह में 50 राष्ट्राध्यक्षों के आने की उम्मीद है।

# ऑस्ट्रेलिया : 2.34 टन कोकीन जब्त, पुलिस ने तय किए 13 लोगों पर आरोप

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने देश के इतिहास में कोकीन की रिकॉर्ड खेप जब्त करने के मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार कर उन पर आरोप तय किये हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस (एएफपी) ने ऐलान किया कि उसने एक अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोह से जुड़ी जांच के बाद 11 वयस्कों और दो किशोरों को आरोपी बनाया है। इन पर समुद्र के रास्ते उत्तरपूर्वी ऑस्ट्रेलियाई राज्य क्वींसलैंड में 2.34 टन कोकीन आयात संबंधित आरोप लगाए गए है। बताया जा रहा है कि यह आस्ट्रेलियाई इतिहास में कोकीन की सबसे बड़ी जब्ती है, जिसका अनुमानित मूल्य 760 मिलियन आस्ट्रेलियाई डॉलर (493.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर) है। एएफपी और क्वींसलैंड पुलिस सेवा (क्यूपीएस) के अधिकारियों ने शनिवार रात और रविवार तड़के आरोपियों की गिरफ्तारियां की। गिरफ्तार किए गए लोगों में एक जहाज का चालक दल भी शामिल है जो कथित तौर पर क्वींसलैंड में कोकीन आयात करने की कोशिश कर रहा था और कई लोग अवैध ड्रग्स को इकट्ठा करने के लिए तट पर इंतजार कर रहे थे। एएफपी अदालत में आरोप लगाएगा कि उनमें से एक व्यक्ति एक गैरकानूनी मोटरसाइकिल गिरोह का उपाध्यक्ष भी है। एएफपी कमांडर स्टीफन जे ने एक बयान में कहा, ÷हम जानते हैं कि अपराधी ऑस्ट्रेलिया में ड्रग्स की तस्करी करने के लिए अपनी जान जोखिम में डालने से भी नहीं कतराते। अपराधी इस बात की भी परवाह नहीं करते कि वे ऑस्ट्रेलियाई लोगों को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं।÷ उन्होंने कहा, ÷समुद्र से दो टन से अधिक कोकीन इकट्ठा करने का यह कथित प्रयास दर्शाता है कि अपराधी अपने लालच और लाभ के लिए कुछ भी कर



सकते हैं। सभी 13 व्यक्तियों पर बॉर्डर कंट्रोल्ड ड्रग्स की व्यावसायिक मात्रा आयात करने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। यदि वे दोषी पाये जाते हैं तो उन्हें अधिकतम आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। जे और क्यूपीएस डिटेक्टिव के कार्यवाहक मुख्य अधीक्षक क्रेग मोरो ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि संयुक्त जांच नवंबर में शुरू हुई थी, जब उन्हें खुफिया जानकारी मिली थी कि एक आपराधिक गिरोह ऑस्ट्रेलिया में ड्रग्स आयात करने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि एएफपी, क्यूपीएस और ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने एक रिक्रिएशनल फिशिंग बोट पर नजर रखी, जो क्वींसलैंड लौटने से पहले कोकीन लेने के लिए कथित तौर पर एक जहाज की तरफ समुद्र में गई थी। नाव के खराबी के कारण समुद्र में फंस जाने के बाद गिरफ्तारियां शुरू की गईं।

# एकनाथ शिंदे 6 माह के लिए बनना चाह रहे थे मुख्यमंत्री, शाह के दो टूक जवाब से हो गए चुप



**मुंबई(एजेंसी)।** महाराष्ट्र में आज विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान हो जाएगा। इससे पहले दस दिन से अधिक चली रस्साकसी को लेकर कई तरह की खबरें आ रहीं है। बताया जा रहा है कि कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे ने केंद्रीय गृहमंत्री से मुलाकात कर 6 माह के लिए सीएम का पद मांगा था, लेकिन शाह की दो टूक से वे चुप हो गए। रिपोर्ट एक वरिष्ठ नेता के हवाले से बताया गया है कि भाजपा ने 6 महीने सीएम वाली बात को खारिज कर दिया था। पार्टी का कहना था कि इससे एक गलत मिसाल कायम होगी। उन्होंने कहा, 6 महीने के लिए सीएम नियुक्त करने का कोई सिस्टम नहीं है। यह गलत फैसला होगा और प्रशासन पर इसका गलत असर पड़ेगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से शिंदे समेत अन्य नेताओं की मुलाकात 28 नवंबर को हुई थी।

वरिष्ठ नेता ने बताया कि शिंदे से यह भी कहा गया कि वह खुद को भाजपा अध्यक्ष की जगह पर रखकर देखें। उन्होंने बताया कि बैठक में, भाजपा नेतृत्व ने शिंदे से पूछा कि अगर आप स्पष्ट बहुमत हासिल कर लेते तो क्या मुख्यमंत्री पद पर दावा छोड़ देते। इस पर शिंदे निशब्द हो गए थे। बुधवार को भाजपा की बैठक होनी है, जिसमें विधायक दल के नेता का चुनाव किया जाएगा। इससे पहले ही शिंदे ने साफ किया था कि वह भाजपा नेतृत्व के फैसले को मानेंगे और सरकार गठन में अड़ंगा नहीं डालेंगे। खबर है कि बैठक में भाजपा से देवेंद्र फडणवीस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार, कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे मौजूद थे। महायुति ने राज्य की 288 में से 230 सीटों पर जीत हासिल की है। खबरों के मुताबिक राजनेता ने यह भी बताया है कि बैठक में शिंदे ने भाजपा को अपना पुराना कथित वादा भी याद दिलाया, जो लोकसभा चुनाव के बाद किया गया था कि अगर गठबंधन बहुमत हासिल कर लेता है कि तो उन्हें मुख्यमंत्री दोबारा बनाया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, उनका यह अनुरोध सीधा यह कहकर खारिज कर दिया गया कि भाजपा के बहुमत के करीब सीटें हासिल करने के बाद ऐसा फैसला लेना गलत होगा।

## सीएम हिमंता बिस्वा सरमा का ऐलान, असम के होटल, रेस्टोरेंट्स और सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस बैन

दिसपुर। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को खपत को प्रतिबंधित करने के लिए राज्य में बीफ प्रतिबंध को रेस्तरां, होटलों और सार्वजनिक कार्यक्रमों तक बढ़ा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में हमने निर्णय लिया है कि किसी भी रेस्तरां या होटल में गोमांस नहीं परोसा जाएगा और किसी भी सार्वजनिक समारोह या सार्वजनिक स्थान पर भी गोमांस नहीं परोसा जाएगा, इसलिए आज से हमने निर्णय लिया है कि होटल, रेस्तरां और में गोमांस का सेवन पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि पहले हमारा निर्णय मंदिरों के पास गोमांस खाना बंद करने का था लेकिन अब हमने इसे पूरे राज्य में विस्तारित कर दिया है कि आप इसे किसी भी सामुदायिक स्थान, सार्वजनिक स्थान, होटल या रेस्तरां में नहीं खा पाएंगे। मौजूदा असम मवेशी संरक्षण अधिनियम 2021 के अनुसार, उन क्षेत्रों में गोमांस और गोमांस उत्पादों की बिक्री या खरीद पर प्रतिबंध लगा दिया गया था जो मुख्य रूप से हिंदू, जैन, सिख और अन्य गैर गोमांस खाने वाले समुदायों द्वारा बसाए गए हैं या किसी मंदिर या अन्य धार्मिक संस्थान के 5 किलोमीटर के दायरे में हैं।



## दिल्ली-मुंबई हाईवे निर्माण को लेकर झालोद में 14 गांवों के किसानों ने किया उग्र प्रदर्शन

दाहोद। भारतमाला परियोजना के तहत गुजरात में दिल्ली-मुंबई के बीच हाईवे का निर्माण कार्य चल रहा है। इस निर्माण कार्य के खिलाफ दाहोद जिले की झालोद तहसील के 14 गांवों के किसानों ने जमकर प्रदर्शन किया और निर्माण कार्य रुकवा दिया। बता दें कि भारतमाला परियोजना के तहत दिल्ली और मुंबई के बीच एक हाइवे का निर्माण किया जा रहा है। यह हाइवे मध्य गुजरात और दक्षिण गुजरात के कुछ जिलों से होकर गुजरने वाला है। लेकिन इस हाइवे के निर्माण कार्य शुरू होने के बाद से ही विवाद चल रहा है। पहले वहीं भूमि अधिग्रहण को लेकर विवाद था। अब प्रशासन की ओर से दिए गए आश्वासन के मुताबिक सुविधा नहीं मिलने से स्थानीय लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत बन रहे दिल्ली-मुंबई हाईवे के विरोध में दाहोद जिले की झालोद तहसील के 14 गांवों के किसानों ने प्रदर्शन किया है। किसानों का आरोप है कि भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बन रहे हाईवे के कारण उन्हें कोई बुनियादी सुविधा नहीं मिल रही है। पूर्व में कई बार ज्ञापन देने के बावजूद भी प्रशासन ने कोई सुविधा नहीं दी है। किसानों ने बुनियादी सुविधाओं और कुछ लंबित मांगों के साथ एक आवेदन प्रस्तुत किया। हाईवे निर्माण के कारण किसानों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। जिससे किसान नाराज हैं। ऐसा नहीं है कि किसान पहली बार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे पहले भी इसी मुद्दे पर प्रदर्शन किया था, लेकिन उस समय अधिकारियों ने प्रदर्शन पर जबरन रोक लगा दी थी। हालाँकि इस बार किसान अधिक नाराज थे और उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया क्योंकि उन्हें आश्वासन के बाद भी कोई सुविधा नहीं मिली। जिससे गुस्साए किसानों ने भारतमाला परियोजना के तहत राजमार्ग का काम रोक दिया।

## माहौल बिगाड़ना चाहती हैं सपा-कांग्रेस : मंत्री अग्रवाल

लखनऊ। संभल को लेकर सियासत जारी है और बयानबाजी भी। उप्र में योगी कैबिनेट के मंत्री नितिन अग्रवाल ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बुधवार को संभल दौरे राजनीतिक पर्यटन बताया है। उन्होंने कहा कि संभल में सामान्य हो रही स्थिति को कांग्रेस और सपा के नेता बिगाड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने संभल जाने की घोषणा की है, मुझे लगता है कि वे वहां जाकर शांति व्यवस्था जो बहाल हुई है उसे बिगाड़ने व अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। बता दें, संभल में हुए बवाल के दौरान मारे गए लोगों से मिलने के लिए राहुल गांधी के बुधवार को संभल जाने की आशंका है। उनके आने की खबर के बाद पुलिस प्रशासन भी सतर्क हो गया है। इस बारे में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि जिले की सीमाओं पर चौकसी को बढ़ा दिया गया है, क्योंकि 10 दिसंबर तक किसी भी बाहरी व्यक्ति के संभल में आने पर रोक है। कोई भी नेता अगर कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करेगा या माहौल खराब करने का प्रयास करेगा तो हमारी सरकार कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी। नितिन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी व उसके नेता जहां भी इस तरह की घटना होती है केवल राजनीतिक पर्यटन के लिए जाते हैं। संभल जामा मस्जिद का सर्वे कोर्ट के आदेश पर हो रहा था। इसके बाद भी सपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने वहां पर स्थिति बिगाड़ी और हिंसा की। संभल में प्रशासन ने पूरी तत्परता के साथ काम किया है।

## आगरा पुलिस ने ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया

### - पांच शातिर सदस्यों को किया गिरफ्तार

आगरा। आगरा पुलिस ने 110 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। इस गैंग के पांच शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गैंग भारत के साथ ही दक्षिण एशियाई देशों और यूएई का भी निशाना बनाते थे। इनका धंधा था लोगों को इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगना। आगरा के रहने वाले विनय आहूजा का केस 4 अक्टूबर, 2024 को साइबर सैल थाने में दर्ज हुआ था। साइबर फ्रॉड करने वाले गैंग के सदस्यों ने इसके पूरे गैर कानूनी प्रयोग को खुलासा किया। उन्होंने बताया कि वे लोगों को धोखे से इन्वेस्टमेंट करवाकर ठगते थे। यह गैंग अब गिरफ्तार हो चुका है और उनके साथ से बहुत सारी चीजें बरामद की गई हैं। पुलिस का कहना है कि अन्य सदस्यों को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। सभी बैंक अकाउंट को सीज कर दिया गया है। अब चौंकाने वाली जानकारी यह है कि इस गैंग ने विवेचना के दौरान 239 ट्रांजेक्शन करके लगभग 110 करोड़ रुपये की ठगी कर चुके हैं। इनके पास अनेक फर्जी बैंक अकाउंट भी थे जिनमें पैसा ट्रांसफर होता था। पु?लिस अ?धिकारी ने इस मामले पर कहा ?कि यह घटना साइबर थाने में दर्ज हुई और अब सामने आई चौंकाने वाली जानकारी है। इन लोगों ने अपनी घटनाओं से 110 करोड़ रुपये का फ्रॉड किया है। पुलिस इस मामले में गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश में है। आरोपियों के पास से 85 बैंक खातों की डिटेल मिली है। जब इन बैंक खातों को साइबर पोर्टल पर रन कराया गया तो हैरान करने वाली जानकारी सामने आई। कुल 239 ठगी की घटनाओं का पैसा इनके खातों में आया है।

## लापता हुए कॉमेडियन सुनील पाल 24 घंटे के अंदर मिले

मुंबई। जाने-माने कॉमेडियन सुनील पाल मंगलवार को लापता हो गए थे। इसकी सूचना सुनील की पत्नी ने मुंबई के सांताक्रुज पुलिस थाने में दी। आखिरकार पुलिस ने सुनील पाल से संपर्क किया और बातचीत में उन्होंने कहा कि वह आज (बुधवार) को मुंबई आएंगे। मालूम हो कि कॉमेडियन सुनील पाल अपनी कॉमेडी को लेकर हमेशा चर्चा में रहते हैं। लेकिन फिलहाल वह एक निजी कारण से चर्चा में हैं। सुनील पाल की पत्नी ने उनके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सुनील पाल की पत्नी सरिता पाल ने मुंबई के सांताक्रूज पुलिस स्टेशन में मंगलवार को अपने पति की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। सरिता पाल की ओर से दर्ज शिकायत में कहा गया, सुनील पाल आज घर नहीं आए। उनका फोन भी बंद है। उनसे कोई संपर्क नहीं हो सका है। इसलिए मैं पुलिस में शिकायत दर्ज करा रही हूं। चूंकि सुनील पाल एक कॉमेडियन हैं इसलिए वह कई बार शो के लिए मुंबई से बाहर जाते रहते हैं। अब इस घटना को लेकर सरिता पाल ने कहा है कि, उनके पति सुनील पाल संपर्क में हैं। मेरी सुनील पाल से बात हुई है। उन्होंने पुलिस से भी बात की है।

## भारत ने खरीदा मल्टीरोल हैलिकॉप्टर यह कई टास्क को एक साथ देगा अंजाम



*** अमेरिका ने रोमियों से जुड़े आधुनिक उपकरणों की बिक्री को दी मंजूरी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारतीय नौसेना के लिए अमेरिका में बने एमएच-60 रोमिया मल्टीरोल हेलीकॉप्टर डील का एलान किया था और अब दूसरी बार ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से पहले ही अमेरिका ने रोमियों से जुड़े आधुनिक उपकरणों को बिक्री को मंजूरी दे दी।

एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट ने फॉरन मिलेट्री सेल के तहत 1.17 बिलियन डॉलर कीमत के कम्युनिकेशन, सेंसर और लॉजेस्टिक भारतीय नौसेना के रोमियो हैलिकॉप्टर की ताक़त को और बढ़ाएगी। नौसेना के लिए करोड़ 2.6 बिलियन की कीमत से 24 एमएच-60 रोमिया मल्टीरोड हेलीकॉप्टर की खरीद की है। रोमियो हैलिकॉप्टर चौथी जेनेरेशन के हैलिकॉप्टर में सबसे बेहतर तकनीक है। ये एक मल्टीरोल हैलिकॉप्टर यानी एक साथ कई टास्क को अंजाम दे सकता है। रडार और सोनार इस हैलिकॉप्टर को दुनिया में पंडुब्बियों के लिए सबसे ख़तरनाक बनाती है। इसे एंटी-सबमरीन एडवांस हैलिकॉप्टर के तौर पर जाना जाता है। इसकी दो सबसे बड़ी खासियत यह है कि पानी में छिपी पनडुब्बियों पर हमला करना और एयर टू सरफेस यानी हवा से जमीन पर हमला करना है। वहीं हेलफायर एयर टू सरफेस मिसाइल जहाजों को निशाना बनाती है।

ख़ास बात है कि जिस तरह के कॉनफ़िगरेशन को अमेरिका नेवी इस्तेमाल में लाती है। पहले 9 हैलिकॉप्टर जो भारत में आए है वह उसी कॉनफ़िगरेशन के साथ हैं। बाकी के हैलिकॉप्टर में कुछ बदलाव भी किए जा सकते है। अभी तक भारतीय नौसेना को 9 हैलिकॉप्टर मिले हैं और इसका पहला स्क्वाड्रन कोच्चि में स्थापित भी किया जा चुका है।

चीन लगातार अपनी मौजूदगी भारतीय समुद्री इलाक़ों में बढ़ा रहा है। ऐसे में हमारी समुद्री सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए उन्नत हथियारों की जरूरत है। उसी में मद्देनज़र नौसेना को उन्नत तकनीक वाले एक मल्टी रोल हैलिकॉप्टर की जरूरत थी। और वह जरूरत खत्म हुई एमएच-60 रोमिया मल्टीरोल हेलीकॉप्टर के तौर पर दरअसल नौ सेना के बेड़े में शामिल ब्रिटेन के बने सी किंग हैलिकॉप्टर की फ्लीट पुरानी हो चुकी है उनकी जगह ले रहे है ये नए रोमियो हैलिकॉप्टर।

# बिहार में चुनाव से पहले तेजस्वी का बड़ा दांव, बोले- हमारी सरकार बनी तो लोगों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे



**पटना (एजेंसी)।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को बिहार में आगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन की सरकार बनने पर पूरे बिहार में उपभोक्ताओं को हम 200 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे। मुंगेर में राजद कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत के मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए, पूर्व उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले जनता के साथ साझा करने के लिए एक रोडमैप तैयार कर रही है।

विधानसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि राज्य के लोग अत्यधिक बिजली दरों और स्मार्ट प्री-पेड मीटरों द्वारा अनियमित बिलिंग से जूझ रहे हैं, जो स्मार्ट धोखेबाज कहलाने लायक हैं। उन्होंने कहा कि हम चीजों को सही करने और 200 यूनिट मुफ्त बिजली प्रदान करके लोगों को राहत देने का इरादा रखते हैं। हम सत्ता में आने पर ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं लेकिन तब तक हम नीतीश कुमार सरकार पर इसके लिए दबाव बनाएंगे। युवा नेता ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वह नहीं रहे जो वह थे और वह उस मंडली के लिए 'मुखौटा' (मुखौटा) बन गए हैं जो राज्य में सत्ता खींच रही है।

राजद नेता ने बिहार के लिए विशेष दर्जा सुरक्षित करने और वंचित जातियों के लिए बढ़ा हुआ कोटा प्रदान करने वाले कानूनों की रक्षा करने में विफलता के लिए जद (यू) सुप्रीमो को लताड़ा, बावजूद इसके कि उनकी पार्टी केंद्र में एनडीए सरकार का हिस्सा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महिला संवाद यात्रा के लिए 250 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन किया गया है, जिसे मुख्यमंत्री जल्द ही शुरू करने वाले हैं और कहा कि सार्वजनिक धन को बर्बाद किया जा रहा है। ऐसा लगता है कि नौकरशाही को लूट में लिप्त होने की खुली छूट दे दी गई है।

# पीने लायक नहीं रह गया है हरिद्वार का गंगाजल, रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरिद्वार में गंगा नदी का पानी लोग बोतलों से लेकर केन में भरकर घर लाते हैं, ताकि इसके शुद्ध पानी से घर को भी स्वच्छ किया जा सके। गंगाजल का उपयोग वर्षों से कई धार्मिक कार्यों में भी किया जाता है। गंगाजल से शुद्ध हिंदू धर्म में और कुछ नहीं है। मगर बीते कई वर्षों में ऐसी रिपोर्ट सामने आई है जिसमें कहा गया है कि गंगाजल में उपलब्ध वो बैक्टीरिया जो इसे पवित्र बनाते हैं, उनकी संख्या अब कम होती जा रही है।

इसी बीच उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की भी एक रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि हरिद्वार में गंगा नदी का पानी बी श्रेणी में पाया गया है। पीने के लिए ये पानी सुरक्षित नहीं माना जा सकता है। हालांकि इस पानी का उपयोग नहाने के लिए किया जा सकता है। गौरतलब है कि उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हर महीने हरिद्वार के आसपास करीब आठ स्थानों पर गंगा के पानी की जांच करता है। हाल ही में किए गए परीक्षण के दौरान नवंबर महीने के लिए गंगा नदी का पानी 'बी' श्रेणी का पाया गया। नदी के पानी को पाँच श्रेणियों में बांटा गया है, जिसमें 'ए' सबसे कम जहरीला है, जिसका मतलब है कि पानी को कीटाणुरहित करने के बाद पीने के स्रोत के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है और 'ई' सबसे जहरीला है। एएनआई से खास बातचीत में यूकेपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया, 'केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पानी की गुणवत्ता को पांच श्रेणियों में बांटा है। चार मापदंडों (पीएच, घुलित ऑक्सीजन, जैविक ऑक्सीजन और कुल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया) के आधार पर गंगा की गुणवत्ता 'बी' श्रेणी में पाई गई है। इसका मतलब है कि गंगा का पानी नहाने के लिए उपयुक्त है।' स्थानीय पुजारी उज्ज्वल पंडित ने भी जल प्रदूषण में हो रही वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मानव मल के कारण गंगा जल की शुद्धता प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा, 'केवल गंगाजल से स्नान करने से हमारे शरीर के रोग दूर हो जाते हैं। इससे कैंसर जैसी बीमारियां ठीक हो जाती हैं। हमारा दावा है कि अगर आप अभी गंगाजल लें और 10 साल बाद इसकी जांच करें तो आपको इसमें कोई अशुद्धता नहीं मिलेगी। गंगाजल की शुद्धता के बारे में जो भी बात सामने आ रही है वह मानव मल के कारण है और हमें इसे बदलने की जरूरत है।'

इस बीच, भारत की नदी निकायों, विशेषकर दिल्ली में यमुना नदी में प्रदूषण पिछले कुछ वर्षों से गंभीर चिंता का कारण रहा है। 1 दिसंबर को यानुमा नदी की सतह पर जहरीले झाग की एक मोटी परत तैरती देखी गई, जिससे संभावित स्वास्थ्य जोखिम के बारे में चिंताएं बढ़ गईं।

# अब उद्धव को लगा झटका, बोले- हिंदुत्व का एजेंडा उठाओ वरना खत्म हो जाएगी पार्टी



**मुंबई (एजेंसी)।** कहते हैं सुबह का भूला शाम को घर लौट आए तो उसे भूला नहीं कहते हैं। हिंदु सम्राट बाला साहेब ठाकरे के बेटे उद्धव ठाकरे भी हिंदुत्व से भटक गए थे। अब,जब महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उन्हे केवल 20 सीटें मिली तो एकदम से उन्हे बड़ा झटका लगा और बोले कि इस बार 20 सीटें आईं। यदि ऐसा ही रहा तो आने वाले समय में एक भी सीट नहीं बचेगी। इससे बेहतर है कि हिंदुत्व का एजेंडा लगातार चलते रहना चाहिए। एक पूर्व पार्षद ने कहा, उन्होंने हमें कहा है कि शिवसेना यूबीटी हमेशा हिंदुत्व के लिए काम कर रही थी और हमेशा करती रहेगी, लेकिन विपक्ष ने गलत बात फैला दी कि हमने हिंदुत्व छोड़ दिया है। उन्होंने हमें हिंदुत्व का एजेंडा लोगों तक ले जाने के लिए कहा है। शिवसेना यूबीटी प्रमुख ने नेताओं से मुंबई की 36 विधानसभाओं में फैले 227 वार्डों में तैयारी शुरू करने के लिए कहा है। महाविकास अघाड़ी में शामिल शिवसेना यूबीटी अब हिंदुत्व का एजेंडा घर घर ले जाने की तैयारी कर रही है। पार्टी ने यह फैसला बृह्नमुंबई महानगर पालिका चुनाव से पहले उठाया है। नवंबर में संपन्न हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में पार्टी महज 20 सीटें ही जीत सकी थी। कहा जा रहा है कि शिवसेना यूबीटी के कई नेता अब एमवीए से अलग होकर चुनाव लड़ने का सुझाव दे रहे हैं। खबर है कि मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने पूर्व पार्षदों को बीएमसी चुनावों की तैयारी शुरू करने के लिए कहा है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि उद्धव ने पूर्व पार्षदों से भाजपा और महायुति की उस बात का विरोध करने के लिए कहा है, जिसमें दावा किया जाता है कि शिवसेना यूबीटी ने हिंदुत्व विचारधारा छोड़ दी है।

**बीएमसी चुनावों में नहीं होगा गठबंधन**

रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा है कि अधिकांश पूर्व पार्षद चाहते हैं कि शिवसेना यूबीटी को बीएमसी चुनावों में किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं होना चाहिए। खबर है कि उद्धव ने पहले उन्हें जमीन पर काम शुरू करने के लिए कहा है। पार्टी ने मुंबई में चुनाव की तैयारियों के लिए विधायकों, नेताओं, सचिवों और संयोजकों को भी नियुक्त कर दिया है। शिवसेना के एक पदाधिकारी का कहना है कि निकाय चुनावों के लिए 18 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। साथ ही खबर है कि अगले सप्ताह तक उद्धव ने नेताओं से विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है।

# लोकसभा में राहुल गांधी के साथ वाली सीट पर बैठने को तैयार नहीं अखिलेश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में 99 सांसदों के साथ सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी बनकर उभरी कांग्रेस की इच्छा थी कि सदन में उनके नेता राहुल गांधी के ठीक बराबर वाली सीट पर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव बैठें। सत्ता पक्ष के सामने विपक्ष की मजबूत एकता का खुला नजारा पेश किया जाएगा। जिससे सरकार हमेशा सचेत रहेगी। लेकिन अखिलेश इसके लिए तैयार नहीं हुए। मंगलवार को सदन की कार्रवाई की शुरुआत से कुछ देर पहले कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद केसी वेणुगोपाल और अन्य सदस्यों के द्वारा अखिलेश यादव से इसे लेकर अपील भी की गई। लेकिन उन्होंने इसे मानने से इंकार दिया और वह सदन में विपक्षी दलों की कांग्रेस के बाद वाली दूसरी पंक्ति की अपनी पूर्व नियोजित सीट पर बैठने के लिए ही तैयार नजर आए। अखिलेश के मना करने पर हालांकि खुद कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी सीट से उठे और उन्होंने भी अखिलेश यादव को मनाने की कोशिश की और उन्हें अपने साथ वाली सीट पर बैठने का अनुरोध किया। जिस पर भी अखिलेश ने अपनी पुरानी सीट पर ही बैठने की इच्छा जताई। मूल रूप से सदन में कांग्रेस के सांसदों के बैठने के क्रम में सबसे आगे राहुल गांधी बैठते हैं। उनके साथ वाली एक सीट कांग्रेस ने द्रमुक के वरिष्ठ नेता टी.आर.बालू को दी है और अब पार्टी की इच्छा बालू के साथ वाली खाली सीट अखिलेश यादव को देने की थी। लेकिन सपा मुखिया इसके लिए तैयार नहीं हुए।

वहीं, जानकार इसके पीछे लोकसभा में विपक्ष की दूसरी पंक्ति में समाजवादी पार्टी के लगभग सभी सांसदों के बैठने को मुख्य वजह के रूप में देख रहे हैं। उनका कहना है कि अगर सपा मुखिया अखिलेश यादव सदन में अपने दल की तरफ से कोई मुद्दा उठाएंगे तो उन्हें समर्थन प्रदान करने के लिए सपा के बाकी सांसद उनके पीछे या आसपास होने चाहिए। यही व्यवस्था वर्तमान में सदन में बनी हुई है। लेकिन अगर अखिलेश इसकी जगह पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास जाकर बैठते हैं तो उनके और सपा के सदस्यों के बीच बना हुआ यही मजबूत तारतम्य टूटेगा। संभवतः यही कारण हो सकता है कि अखिलेश यादव ने राहुल गांधी के बराबर वाली सीट पर बैठने से इंकार किया होगा।

# महाकुंभ की टेंट सिटी किसी सुपर डीलक्स होटल से नहीं होगी कम

**प्रयागराज (एजेंसी)।** प्रयागराज महाकुंभ 2025 में आने वाले करोड़ों भक्तों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर योगी सरकार महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर-20 (अरैल) में 2,000 से ज्यादा स्विस कॉटेज बेस्ड टेंट्स की स्थापना कर रही है। इन टेंट्स में ठहरने वाले लोगों की सुविधा के लिए विला टेंट्स को 900 स्क्वेयर फीट, सुपर डीलक्स टेंट्स को 480 से 580 स्क्वेयर फीट तथा डीलक्स ब्लॉक्स की स्थापना 250 से 400 स्क्वेयर फीट के क्षेत्र में बनाया जा रहा है। इन टेंट्स में एसी, डबल बेड, मैट्रेस, सोफा सेट, कस्टमाइज्ड इंटीरियर्स, राइटिंग डेस्क, इलेक्ट्रिक गीजर, फायर एक्सटिंगुइशर्स, रजाई, ब्लैंकेट, मॉस्किटो नेट, वाईफाई, डाइनिंग एरिया व कॉमन सिटिंग एरिया जैसी सुविधाएं उपलब्ध होगी, जो नदी किनारे सुखद पर्यावरणीय दृष्यों के अवलोकन का अनुभव प्रदान करेंगे। वहीं, इनके पैकेज में योग, कल्चरल इवेंट्स व प्रयागराज से जुड़ी अन्य प्रमुख स्थलों व धार्मिक महत्व के क्षेत्रों की जानकारी उपलब्ध कराना भी सम्मिलित होगा। यह सुपर डीलक्स टेंट विला, महाराजा, स्विस कॉटेज व डॉर्मेटरी फॉर्मैट में उपलब्ध रहेंगी, जिनका प्राइसिंग 1,500 से 35,000 के बीच प्रतिदिन के हिसाब से तय रहेंगी। वहीं, डॉर्मेटरी के अलावा 4,000 से 8,000 का शुल्क अतिरिक्त व्यक्ति के ठहरने पर देना होगा। यूपीएसटीडीसी द्वारा जो टेंट सिटी स्थापित की जा रही है, वह सीएम योगी के विजन के अनुरूप तैयार की जा रही है। अनुमान है कि महाकुंभ 2025 में 75 देशों के 45 करोड़ से अधिक विजिटर्स आ सकते हैं, ऐसे में उन्हें वर्ल्ड क्लास अकॉमोडेशन फैसिलिटी उपलब्ध कराने के लिए 1 जनवरी से 5 मार्च की समयावधि के बीच इन टेंट्स का संचालन किया जाएगा। इन टेंट्स को यूपीएसटीडीसी की वेबसाइट और महाकुंभ ऐप के जरिए भी बुक किया जा सकता है। इन टेंटों की स्थापना उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (यूपीएसटीडीसी) द्वारा किया जा रहा है और 6 पार्टनर्स के साथ मिलकर विभिन्न टेंट ब्लॉक्स की स्थापना कर रहे हैं। इनमें आगमन, कुंभ कैम्प इंडिया, ऋषिकुल कुंभ कॉटेज, कुंभ विलेज, कुंभ कैनवास व एरा प्रमुख हैं।



स्वतत्वाधिकारी, प्रकाशक, स्वामी, मुद्रक एवं संपादक-हरेश पंवार 'दासू भाई' द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट बुहाना रोड पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं से मुद्रित एवं पंवार सदन सहड़ का बास, पोस्ट पचेरी बड़ी, तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राजस्थान पिन-333515, से प्रकाशित। संपादक हरेश पंवार 'दासू भाई' मो. 9983040937 न्यूज़ एडिटर नवीन कुमार, मो. 7340091374